डा० कु० ल० राव : यह सच है कि कोसी नदी के पानी का पश्चिमी किनारे के बांध पर काफी दबाव पड़ रहा है और इस वर्ष भी पानी की मात्रा 4 लाख क्यूसेक्स पहुंच चुकी है और बाढ़ से उत्पन्न खतरे का मुकाबिला करने के लिये हम सभी आवश्यक उपाय कर रहे हैं । जहां तक दूसरे बांध के बनाने का सम्बन्ध है इस प्रश्न पर विचार किया गया था और यह देखा गया कि हनुमाननगर और डलका के बीच की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दूसरा बांध नहीं बनाया जाना चाहिये । अतः हम इस विषय पर आगे विचार कर रहे हैं और मैं नहीं समझता कि दूसरे बांध का काम शीघ्र आरम्भ हो जायेगा ।

Shri Bhogendra Jha : Sir, if the Kosi embankment gives way the entire 10-12 miles long area between Hanuman Nagar and Dhanda comprising thousands of villages will be washed away. In such a case what prevents the Government from constructing another barrage ? Secondly, what permanent arrangements are proposed to be made to relieve the population near Kanauli from the dange of the embankment being washed away ?

डा० कु० ल० राव : दूसरे बांध के बनाने से कनौली के पास के क्षेत्र को खतरा पैदा हो जायेगा । दूसरे बांध का नमूना भी नहीं बनाया गया था । पनबिजली जनन केन्द्र का नमूना पूना में बनाया गया था और इस नमूना अध्ययन से मालूम होता है कि इसका निर्माण खतरनाक होगा । जहां तक स्थायी उपायों का सम्बन्ध है हम प्रति वर्ष इन तटबन्धों पर लगभग 75 लाख रु० खर्च कर रहे हैं ।

Shri Yamuna Prasad Mandal : If a barrage is not constructed near Dagmara, the 100 crore rupee spent on irrigational works in Purnia will go waste. In view of this will Government consider to coustruct a barrage over there and until its construction is taken up will the dredgers of the Transport Ministry be made use of and are some dredgers being procured ?

डा कु० ल० राव : एक ड्रेजर खरीदा गया है। शीघ्र ही नहरों की खुदाई का काम आरम्भ किया जायेगा।

Shri Kanwar Lal Gupta : May I know whether the Government have made any survey with a view to ascertaining the fact that which of the rivers are prove to change their courses resulting in huge damage and the measures taken in this regard ? Do Government propose to appoint an expert committee in this regard ? In Delhi for example 15 villages are submerged under water every year due to change of course by the Jamuna.

डा० कु० ल० राव : यमुना नदी के बारे में यह नहीं कहा जा सकता कि यह अपना मार्ग बदलती है। केवल थोड़ी सी दूरी के लिये यह अपने बहाव बदल देती है। परन्तु कोसी नदी के बारे में ऐसा नहीं है। यह पिछले 75 वर्षों में अपने मार्ग से 75 मील दूर चली गई है। जहां तक 15 गांवों के डूबने का सम्बन्ध है हम इसमें कुछ नहीं कर सकते क्योंकि गांव नदी के किनारे पर ही बसे हुए हैं और नदी का पानी आते ही वे डूब जाते हैं। इसका एक मात्र हल यह है कि उनको ऊंचे स्थान पर ले जाया जाये। दिल्ली प्रशासन बहुत गम्भीर रूप से विचार करता रहा है उसने ग्राम वासियों से अनुरोध भी किया है, परन्तु वे वहां से जाना नहीं चाहते। अतः जब भी बाढ़ आती है वे बाहर आ जाते हैं और सब पानी उतर जाता है तो फिर वापस चले जाते हैं।

Shri K. N. Tiwary : What precautionery flood control measures are being taken in regard to the tributaries of the Gundak ?

डा० कु० ल० राव : गंडक नदी ने अब तक कोई कठिनाई पैदा नहीं की है और हमें इस नदी के बारे में किसी कठिनाई की संभावना नहीं दिखाई देती।

श्री स० मो० बनर्जी : मंत्री महोदय ने कहा कि कुछ उपाय किये गये हैं। क्या वह समझते हैं कि इन उपायों के परिणामस्वरूप वे बांध फिर कभी नहीं टूटेंगे ? क्या बाढ़ नियन्त्रण सम्बन्धी वृहत् योजना खटाई में पड़ गई है या इस पर अब भी विचार किया जा रहा है।

डा० कु० ल० राव : किसी भी नदी के बांध के बारे में यह नहीं कहा जा सकता कि उसका बांध टूटेगा या नहीं और विशेष रूप से कोसी नदी के बारे में जोकि पश्चिम की ओर बढ़ती जा रही है। इसी कारण हमने कोसी परियोजना आरम्भ की थी जिसके परिणाम स्वरूप यह नदी पिछले दस वर्षों से अपने स्थान पर ही रही है अन्यथा पिछले 10 वर्षों में यह झंझापुर और दरभंगा तक पहुंच गई होती। पश्चिमी तटबन्ध पर हमेशा ही दबाव रहता है और उसकी सुरक्षा के लिए हम बड़े से बड़े उपाय कर रहे हैं जैसे कि नदी को गहरा किया

जाना आदि जहां तक वृहत् योजना का सम्बन्ध है हमारे पास सारे देश के लिये बाढ़ नियंत्रण के लिये एक वृहत् योजना है। परन्तु चूंकि सारी योजना को तुरन्त आरम्भ करना बहुत मंहगा है इसलिये उपलब्ध वित्त के अनुसार हम प्रत्येक राज्य में सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता प्राप्त योजनाओं को आरम्भ कर रहे हैं।

Shri Molhu Prasad : Have Government any plan for desiting of rivers, if so, what measures are being thought out ? Secondly, have Government given any thought to have afforestation in the catchment area ?

डा० कु० ल० राव : जहां तक नदियों के गहरा करने का सम्बन्ध है यह एक अच्छा उपाय है और जहां भी संभव होता हम ऐसा करने का प्रयत्न करते हैं।

जहां तक वनरोपण का सम्बन्ध है, माननीय सदस्य की यह बात सही है कि जंगलों के करने से बाढ़ अधिकाधिक आती है। दुर्भाग्य से कोसी नदी के मामले में, कैचमेंन्ट एरिया नेपाल में पड़ता है, और इसीलिये हम अब तक उस क्षेत्र में किसी व्यापक वनरोपण में सफल नहीं हुए हैं।

श्री बलराज मधोक : पिछले 20 वर्षों में नदियों के किनारों पर बहुत सारे बांध बनाये गये हैं, परन्तु हर वर्ष वे बांध टूट जाते हैं। इन बाधों को मजबूत करने के लिये क्या कदम उठाये जा रहे हैं, जैसा कि उन पर वृक्ष आदि लगाना। क्योंकि उसके बिना वे बेकार हैं ?

डा० कु० ल० राव : राष्ट्रीय बाढ़ नियंत्रण कार्य 1954 में आरम्भ किया गया था। तब से अब तक हमने लगभग 5,000 मील लम्बे बांध का निर्माण किया है। अधिकांश बांध सुदृढ़ हैं। परन्तु उन में से कुछ टूट गये हैं, जैसा कि आसाम और उत्तर बिहार के मामले में। इसका एक मात्र उपाय है उनकी अच्छी देख रेख। मुझे खेद है कि आसाम में अब तक 12 बांध, मैं समझता हूं, उचित देख रेख न होने के कारण टूट चुके हैं। कोसी में हम अच्छी देख रेख कर रहे हैं और वहां हमें काफी सफलता मिली है।

Shri Ram Sewak Yadav : The hon. Minister stated just now that he cannot guarantee that breaches will not recur in future. In that case what prevents them from constructing the second barrage there as advised by the experts ?

डा० कु०ल० राव : मैं नहीं जानता कि माननीय सदस्य प्रायः दूसरे बांध के बारे में क्यों सोचते हैं। मैं उनसे अनुरोध करूंगा कि वह पूना में जाकर 'मोडल' को देखें। बांध बनाने से नदी के किनारों की ओर जाने की संभावना बढ़ जायेगी। पहले बांध में भी यही हो रहा है; हनुमाननगर में यह हमें कठिनाई पैदा कर रहा है। दूसरे बांध के मामले में भी ऐसा ही होगा और नदी के मार्ग परिवर्तन से मूल्यवान क्षेत्र खराब हो जायेंगे। नमूना अध्ययनों से हमें प्रत्येक स्थान पर यही संकेत मिला है। फिर भी हम इसपर अग्रेतर विचार करेंगे।

प्रश्नों के लिखित उत्तर

WRITTEN ANSWERSTO QUESTIONS

Uniform Pattern For Administrative Expenditure on Universities and their Affiliated Colleges

*1082. **Shri Bibhuti Mishra :**
Shri K. N. Tiwari :

Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the University Grants Commission bears the entire administrative expenditure of the Delhi University and its affiliated Colleges ;

(b) whether it is also a fact that the same principle is not followed in the case of other Colleges in the various State ;

(c) if so, the reasons therefor ; and

(d) the time likely to be taken by Government to adopt a uniform policy in this regard ?

The Minister of Education (Dr. Triguna Sen) : (a) The University Grants Commission meets centpercent deficit in the case of the Delhi University and its maintained Colleges, and to the extent of 95% of the deficit in the case of its affiliated Colleges.

(b) Yes ; Sir.

(c) Maintenance of State Universities and their Colleges is the statutory reponsibility of the State Governments.

(d) Does not arise.

आन्ध्र प्रदेश में खगोल विज्ञान सम्बन्धी वेधशाला

*1083. **श्री दत्तात्रेय कुंटे :** **श्री स० च० सामन्त :**
श्री ह० प० चटर्जी : **श्री यशपाल सिंह :**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आन्ध्र प्रदेश में निजामिया वेधशाला नामक खगोल विज्ञान सम्बन्धी आधुनिकतम वेधशाला की स्थापना कब तक की जायगी ;

(ख) इस वेधशाला की विशेषतायें क्या हैं और मिस्र तथा जापान की वर्तमान वेधशालाओं की तुलना में यह वेधशाला कैसी है;

(ग) क्या यह भारत और अमरीका का एक संयुक्त उपक्रम है ; और

(घ) यदि हां, तो अमरीका और भारत कितना-कितना व्यय वहन करेंगे ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य-मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) और (ख) : निजामिया वेधशाला 1908 से चल रही है, इसे 1919 में उसमानियां विश्वविद्यालय को हस्तान्तरित

कर दिया गया था। इसका आधुनिक ढंग से विकास किया जा रहा है। एक नया प्रकाशक्षेपी यंत्र भी, जिसके साथ न्यूटनीय केशिग्रेन तथा कोडे फोकस लगे हैं, वेधशाला में लगाया जा रहा है। इसके 1967 के अन्त तक स्थापित हो जाने की संभावना है और जब यह चालू हो जायगा, तब यह दक्षिण-पूर्वी एशिया में अपने ढंग की सबसे बड़ी दूरबीन होने का गौरव प्राप्त करेगी।

(ग) और (घ) : 48 इंज दूरबीन तथा अन्य सम्बन्धित सूक्ष्म उपकरण को प्राप्त करने के लिए भारतीय गेहूँ ऋण शैक्षिक विनिमय कार्यक्रम के अन्तर्गत 2,30,000 डालर की रकम उपलब्ध की कई थी। दूरबीन के स्थापित करने के सिलसिले में अमेरिका के प्राधिकारी विशेषज्ञों तथा इन्जीनियरों की सेवायें भी देते रहे हैं।

वेधशाला इमारतों के बनाने का खर्चा तथा अन्य सहायक साजसामान उसमानिया विश्वविद्यालय द्वारा दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इस प्रयोजन से उसमानियां विश्वविद्यालय को उपलब्ध कर देने के लिये 23,14,000 रुपये का अनुदान स्वीकृत कर दिया है।

उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश

***1084. श्री श्रीचन्द गोयल :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विधि आयोग ने अपने प्रतिवेदन में यह सिफारिश की थी कि देश में विभिन्न उच्च न्यायालयों के एक तिहाई न्यायाधीश राज्य से बाहर के क्षेत्रों से नियुक्त किये जाने चाहिये ;

(ख) क्या इस सिफारिश को क्रियान्वित किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो प्रत्येक उच्च न्यायालय में कितने न्यायाधीश राज्य से बाहर के क्षेत्रों से नियुक्त किये गये हैं ?

गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) यह सिफारिश राज्य पुनर्गठन आयोग ने की थी न कि विधि आयोग ने कि किसी भी उच्च न्यायालय में एक तिहाई न्यायाधीश सम्बन्धित राज्य से बाहर के क्षेत्रों से नियुक्त किये जाने चाहियें।

(ख) अभी तक यह सिफारिश पूरी तरह लागू नहीं की गई है। इस सिफारिश को क्रियान्वित करने के लिये सरकार ने मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से प्रत्येक राज्य के विधि वक्ताओं तथा न्यायिक सेवा के व्यक्तियों में से उच्च न्यायालय में नियुक्ति के लिए उपयुक्त समझे जाने वाले व्यक्तियों की तालिकायें तैयार करना आवश्यक समझा ताकि जब कभी बाहर से नियुक्तियों की आवश्यकता पड़े तब राज्य के अधिकारियों के सामने तालिकाओं में से व्यक्तियों के नाम रखे जा सकें। किन्तु यह विचार मुख्य न्यायाधीशों द्वारा उनके 1960 और 1961 के सम्मेलनों में अखिल भारतीय तालिका तैयार करने के विचार का सख्त विरोध किये जाने पर छोड़ दिया गया। फिर भी सरकार इस मामले पर कार्यवाही कर रही है और उसने इस बारे में राज्यों के मुख्य मन्त्रियों के विचार मांगे हैं कि इस सिफारिश को कैसे अच्छी से अच्छी तरह लागू किया जा सकता है।

(ग) 1 नवम्बर 1956 से अब तक विभिन्न उच्च न्यायालयों में स्थानान्तरण अथवा प्रारम्भिक नियुक्ति के रूप में राज्यों से बाहर के 27 न्यायाधीश नियुक्त किये गये हैं ।

Linguistic Protection for Minorities in Punjab

*1085 **Shri Shiv Kumar Shastri :**
Shri O. P. Tyagi :
Shri Ram Gopal Shalwale :
Shri Prakash Vir Shastri :
Shri Raghuvir Singh Shastri :
Shri Mahant Digvijay Nath :
Shri Ram Avtar Sharma :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether the linguistic protection is given to the minorities in Punjab as provided in the constitution ;

(b) whether Government's attention has been drawn to the press reports that the United Front Government of Punjab is hesitating to give protection to the linguistic minorities ; and

(c) if so, the steps proposed to be taken by the Central Government to guarantee protection to linguistic minorities ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) **Yes Sir.**

(b) No Sir.

(c) Does not arise.

'घेराव'

*1086. **श्री त्रिदिव कुमार चौधरी :**
श्री स० चं० सामन्त :
श्री समर गुह :

क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने कुछ मजदूर संघों द्वारा अपनाये जाने वाले आन्दोलन के नये तरीके 'घेराव' के कारणों का पता लगाने के लिये कोई जांच की है ; और

(ख) कितने मामलों में 'घेराव' नियोजकों द्वारा मजदूर न्यायधिकरणों के पंचाट लागू न किये जाने के कारण किये गये ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी हां ।

(ख) 14 ।

प्रशासन तथा समाचार पत्रों के पारस्परिक सम्बन्धों के बारे में प्रशासनिक सुधार आयोग का प्रतिवेदन

*1087. **श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :**
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री ओंकार सिंह :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रशासन तथा समाचार पत्रों के पारस्परिक सम्बन्धों के बारे में प्रशासनिक सुधार आयोग के अध्ययन दल ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है ;

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य-मुख्य बातें क्या हैं ; और

(ग) इसके बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) प्रशासन तथा समाचारपत्रों के पारस्परिक सम्बन्धों की जांच करने के लिये प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा नियुक्त अध्ययन दल ने आयोग को अपना प्रतिवेदन दे दिया है ।

(ख) ये सिफारिशें अध्ययन दल के प्रतिवेदन में दी गई हैं जिसकी प्रतियां संसद के पुस्तकालय में रख दी गई हैं ।

(ग) प्रशासन सुधार आयोग ने अभी तक अपनी सिफारिशें सरकार को नहीं दी हैं ।

तकनीकी शिक्षा के लिये पत्राचार पाठ्यक्रम

*1088. **श्री रामचन्द्र उलाका :** **श्री हीरजी भाई :**
श्री धुलेश्वर मीना : **श्री ख० प्रधानी :**

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस सम्बन्ध में विचार कर लिया गया है कि तकनीकी शिक्षा के लिये पत्राचार पाठ्यक्रम किस प्रकार आरम्भ किया जाये ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

आधुनिक भारतीय भाषाओं में कालेज की पाठ्य पुस्तकें

*1089. **श्री श्रद्धाकार सूपकार :** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आधुनिक भारतीय भाषाओं में विश्वविद्यालयों के सभी क्रियों की, जिसमें इंजीनियरी, कृषि तथा चिकित्सा की पुस्तकें भी शामिल हैं, पाठ्य पुस्तकें तैयार करने के लिये सरकार कोई कार्यवाही कर रही है ; और

(ख) ऐसे विषय कौन से हैं जिनकी किसी आधुनिक भाषा में कोई प्रामाणिक पाठ्य-पुस्तक नहीं हैं ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री भागवत झा आज़ाद) : (क) शिक्षा मंत्रालय मुख्यता विज्ञान, प्रौद्योगिकी इन्जीनियरी, चिकित्सा, सामाजिक विज्ञान तथा मानविकी से सम्बन्ध रखने वाले विभिन्न विषयों में भिन्न भिन्न विश्वविद्यालयों, शैक्षिक निकायों तथा निजी

प्रकाशकों के सहयोग से हिन्दी और प्रादेशिक भाषाओं में विश्वविद्यालय स्तर की मानव कृतियों का पहले ही प्रकाशन कर रहा है। इस योजना के अन्तर्गत अब तक प्रकाशित तथा तैयार की जाने वाली पुस्तकों की एक सूची संसद पुस्तकालय में रख दी गई हैं।

(ख) विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी की कुछ उच्च विशिष्ट शाखाओं को छोड़ कर, ज्ञान की अधिकतर शाखाओं में स्नातक स्तर का साहित्य हिन्दी अथवा अन्य भारतीय भाषाओं में सामान्यतया उपलब्ध है।

गैर-सरकारी व्यावसायिक शिक्षा संस्थायें तथा सस्ती बाजारी कुंजियां (ट्यूटोरियल होम्स एण्ड चीप बाजार नोट्स)

*1090. **श्री अ० कु० किस्कु :** **श्री यशपाल सिंह :**
श्री श० ना० माइती : **श्री स० चं० सामन्त :**
श्री त्रिदिब कुमार चौधरी : **श्री अब्दुल गनी दार :**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि गैर-सरकारी व्यावसायिक शिक्षा संस्थायें तथा सस्ती बाजारी कुंजियां हमारी शिक्षा संस्थाओं के शिक्षण संबन्धी भरसक प्रयत्नों को विफल कर रही हैं; और

(ख) यदि हां, तो शिक्षा में फैले इस व्यापक भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिये सरकार ने क्या नीति अपनाई है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आज़ाद) : (क) जी, हां।

(ख) इस बुराई को दूर करने के लिए अपनाए गये कुछ उपायों में निम्नलिखित शामिल हैं:-

(एक) नीचे स्तर की संस्थाओं के संस्थापन तथा संचालन को हतोत्साहित करने के लिए उपयुक्त कानून बनाने का राज्य सरकारों को सुझाव देना,

(दो) विश्वविद्यालयों तथा कालेजों में पुस्तकालय-सुविधाओं में सुधार करना तथा पाठ्य पुस्तक-पुस्तकालयों का स्थापित करना,

(तीन) शिक्षण तथा परीक्षा प्रणालियों को सुधारना।

बेरोजगार इंजीनियरी स्नातक तथा डिप्लोमा-प्राप्त व्यक्ति

1091. **श्री वासुदेवन नायर :**
श्री जनार्दनन :
श्री अदिचन :

क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सैंकड़ों इंजीनियरी स्नातक तथा डिप्लोमा–प्राप्त लोग बेरोजगार हैं;

(ख) यदि हां, तो प्रत्येक राज्य में उनकी संख्या कितनी–कितनी है; और

(ग) इन लोगों को रोजगार देने के लिये क्या कार्यवाही करने का विचार किया गया है ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी) : (क) और (ख) एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है। **[पुस्तकालय में रखा गया, देखिये संख्या एल० टी० 993/67]** इस विवरण पत्र में दी, नियुक्ति सहायता चाहने वालों की संख्या से इन्जीनियरों में फैली बेरोजगारी की सही स्थिति नहीं विदित होती। इसके कारण है:–

(एक) कुछ चुने हुए इलाकों में विशिष्ठ अध्ययन करने से पता चलता है कि रोजगार कार्यालयों के रजिस्टरों में नाम लिखाने वाले इन्जीनियरिंग ग्रेजुएटों में से काम कर रहे इन्जीनियरों की संख्या 50 प्रतिशत के करीब थी।

(दो) तदर्थ अध्ययन से पता चलता है कि इन्जीनियरिंग की प्रमुख शाखाओं (सिविल मैकेनिकल और इलैक्ट्रिकल) के ग्रेजुएटों और डिप्लोमा रखने वालों में से क्रमशः लगभग 75 प्रतिशत और 50 प्रतिशत उम्मीदवारों के नाम छः माह से भी कम समय के लिए रोजगार कार्यालयों के चालू रजिस्टरों में दर्ज रहे।

अस्तु इन्जीनियरों में बेरोज़गारी की समस्या उतनी कठिन नहीं है जितनी रोजगार कार्यालयों के चालू रजिस्टरों से दिखाई देती है।

(ग) चौथी पंचवर्षीय योजना में प्रस्तावित उद्योगों के विकास, कृषि प्रणाली के आधुनीकरण, लघु उद्योग के प्रोत्साहन तथा परिवहन और संचार प्रणाली आदि के विकास कार्यक्रम के फलस्वरूप, बेरोजगारों को, जिनमें इन्जीनियर और अन्य तकनीकी कार्यकर्त्ता भी शामिल है, बढ़े हुए नियुक्ति अवसर मिलेंगे।

टेलीफोन राजस्व लेखा कार्यालय

***1092. श्री अनिरूद्धन : श्री अब्राहम :**
श्री नायनार : श्री ज्योतिर्मय बसु :
श्री उमानाथ : श्री एस्थोस :
श्री विश्वनाथ मेनन : श्री चक्रपाणि :

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विदेशी परामर्शदाताओं की सलाह पर टेलीफोन राजस्व कार्यालयों लेखा का सर्किल स्तर से डिवीजनल स्तर पर, विकेन्द्रीकरण करने का निर्णय किया गया है;

(ख) क्या कर्मचारी संघ इस प्रस्ताव के विरुद्ध है और क्या वे यह अनुभव करते हैं कि इससे न केवल कर्मचारियों को एक स्थान से दूसरे स्थान में जाने तथा उनकी सेवा की शर्तों में परिवर्तन के कारण कठिनाई होगी, अपितु कार्य दक्षतापूर्वक करने तथा राजस्व की वसूली पर उचित नियंत्रण रखने में भी बाधा पड़ेगी;

(ग) क्या सरकार ने इस विभाग के अनुरक्षण एकक तथा राजस्व वसूली व्यवस्था का विलय करने के बारे में विचार किया है; और

(घ) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला ?

संसद-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) टेलीफोन राजस्व लेखा कार्यालयों का मंडल स्तर पर विकेन्द्रिकरण करने का निर्णय 1960 में लिया गया था। जिन विदेशी परामर्शदाताओं ने दूरसंचार प्रचालन की लेखा विधियों की जाँच करके उनके सम्बन्ध में रिपोर्ट दी थी, उन्होंने भी 1965 में यही कदम उठाने की सिफारिश की थी।

(ख) जी हां।

(ग) और (घ) अनेक मंडलों के सम्बन्ध में टेलीफोन राजस्व के काम को मंडल स्तर पर स्थानान्तरित करने के आदेश जारी कर दिये गए हैं। इनमें से कुछ कार्यालय स्थानान्तरित हो भी चुके हैं—जबकि दूसरों को स्थानान्तरित करने की कार्यवाही की जा रही है।

पब्लिक स्कूल

***1093. श्री गा० शं० मिश्र :**
श्री मोलहू प्रसाद :
श्री शिवपूजन शास्त्री :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सम्बद्ध व्यक्तियों के लिये चलाये जा रहे पब्लिक स्कूलों को मान्यता देने तथा उन्हें सहायता देने और अथवा उनका समर्थन करने के, यदि ऐसा किया जा रहा हो, तो क्या कारण है;

(ख) सरकार द्वारा ऐसे स्कूलों को मान्यता तथा सहायता देने की नीति कब बनाई गयी थी तथा इन स्कूलों से देश को क्या विशिष्ट लाभ हो रहे हैं; और

(ग) क्या सरकार का विचार पब्लिक स्कूलों को मान्यता तथा सहायता देने की नीति में परिवर्तन करने का है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्तवत झा आज़ाद) : (क) केन्द्रीय सरकार पब्लिक स्कूलों को कोई अनुरक्षण अनुदान नहीं देती है, इसलिए ऐसे स्कूलों को सरकार द्वारा मान्यता देने का प्रश्न नहीं उठता है।

पब्लिक स्कूल के रूप में अपनी मान्यता के लिए, स्कूल को भारतीय पब्लिक स्कूल प्रधानाध्यापक सम्मेलन का सदस्य होना पड़ता है। जो कि एक गैर सरकारी संस्था है। शैक्षिक प्रयोजन के लिए इसकी मान्यता स्कूल द्वारा उस बोर्ड एजेन्सी की निर्धारित शर्तों को पुरा करने पर निर्भर है, जिनकी परीक्षाओं के लिए यह अपने छात्रों को तैयार करता है।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठता।

Admission in Delhi Colleges

*1094. **Shri Ramavatar Shastri :**
Dr. Surya Prakash Puri :
Shri Shiv Kumar Shastri :
Shri Raghuvir Singh Shastri :
Shri Arjun Singh Bhadoria :
Shri Prakash Vir Shastri:
Shri Ram Avtar Sharma :
Shri Nardeo Snatak :

Will the Minister of Education be pleased to state ;

(a) whether it is a fact that the Delhi Administration have decided that the students who have secured less than 40 percent marks in the Higher Secondary Examination would not get admission into Colleges this year;

(b) whether such an announcement after the declaration of examination result is not unjustified;

(c) the number of students who would not get admission this year and whether the decision regarding less than 40 percent marks could not be put off till the next year; and

(d) the reaction of Government in regard thereto ?

The Minister of Education (Dr. Triguna Sen) : (a) The decision that 40 percent marks in the aggregate at the Higher Secondary Examination would be the minimum for eligibility for admission in Delhi Colleges was taken at meeting of the Academic Council of the University of Delhi on September 20, 1963 and became operative during the academic year 1964—65. There has been no change in the decision.

(b) and (c) Do n t arise.

(d) The University is an autonomous body and is competent to lay down the minimum qualifications for admission to its courses of study.

पांडिचेरी में भूतपूर्व फ्रांसिसी सरकार के कर्मचारियों के वेतन-मान

*1095. **श्री म० ला० सोंधी :**
श्री उमानाथ :
श्री रमानी :
श्री चक्रपाणि :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पांडिचेरी के स्वतंत्र होने के पहले सेवा में आने वाले भूतपूर्व-फ्रांसिसी सरकार के 1400 कर्मचारियों के वेतन-क्रमों की पुनरीक्षण करने का प्रस्ताव है;

(ख) क्या मंहगाई भत्ता और बाल भत्ता देने के लिये कर्मचारियों से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है; और

(ग) यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी हां।

(ख) जी हां।

(ग) भूतपूर्व फ्रांसिसी सरकार के कर्मचारियों की मांगों पर सावधानी से विचार किया गया और पांडिचेरी सरकार से इन कर्मचारियों की इच्छानुसार उनके वर्तमान कुल वेतनों के संरक्षण का आश्वासन देते हुए उन्हें भूतपूर्व फ्रांसीसी सरकार की शर्तों के अनुसार वेतन आदि लेते रहने अथवा मद्रास के वेतन क्रम आदि स्वीकार करने की अनुमति देने के लिए कहा गया था।

युद्ध विराम समझौता की समाप्ति

*1096. **श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा** :
श्री क० प्र० सिंह देव :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :
श्री लीलाधर कटकी :
श्री नि० रं० लास्कर :
श्री श्रीगोपाल सांबू :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को मनीपुर के विभिन्न वर्गों के लोगों की ओर से कोई अभ्यावेदन मिला है जिसमें यह मांग की गई है कि नागाओं की हाल में बढ़ी हुई हिंसात्मक कार्यवाहियों को ध्यान में रखते हुए तामेंगलोंग माओं लथा उखरूल इन तीन सब-डिवीजनों में छिपे हुए नागाओं के साथ किया गया युद्धविराम समझौता तुरन्त तोड़ दिया जाये; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवन्त राव चव्हाण) : (क) भारत सरकार को ऐसा कोई अभ्यावेदन प्राप्त नहीं हुआ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

बिड़ला कपड़ा मिल-समूह के विरुद्ध मामला

*1097. **श्री ज्योतिर्मय बसु** :
श्री प० गोपालन :
श्री योगेन्द्र शर्मा :
श्री चन्द्रशेखर सिंह :
श्रीमती शारदा मुकर्जी :
श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :
श्री रामावतार शास्त्री :
श्री क० मि० मधुकर :
श्री यशवन्त सिंह कुशवाह :
श्री इन्द्रजीत गुप्त :
श्री रा० बरूआ :
श्री भोगेन्द्र झा :
श्री राम कृष्ण गुप्त :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री निहाल सिंह :
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री सरजू पाण्डेय :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय जांच विभाग ने हाल ही में केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के अपलंचन के आरोप में बिड़ला कपड़ा मिल–समूह के विरुद्ध एक मामला दर्ज किया है;

(ख) क्या कोई तलाशियां ली गई है; और

(ग) यदि हां, तो उनका क्या परिणाम निकला है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हान) (क) और (ख) : जी, हां। केन्द्रीय जांच विभाग ने बिड़ला समूह की आठ कपड़ा मिलों के विरुद्ध कुछ आरोपों के संबन्ध में एक मामला दर्ज किया है और उनकी तलाशियां ली हैं। इन आरोपों में केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क अपवंचन भी शामिल हैं।

(ग) मामले से सम्बन्धित कागजातों पर कब्जा कर लिया गया है और उनकी पड़ताल की जा रही है।

I. D. A. Loan to P. and T.

*1098. **Shri Onkar Lal Berwa :** Will the Minister of Communications be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the negotiations are going on for obtaining a loan of 5½ cores of dollars from the International Development Association for Posts and Telegraphs expansion programmes;

(b) whether the negotiations have been concluded and agreement reached; and

(c) if so, the terms of the loan and the schemes to be financed ?

The Minister of State in the Department of Parliamentary Affairs and Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) While no negotiations are going on, proposals have, however, been put forward to the International Development Association for affording a credit of 5½ crores dollars to finance telecommunication development net work. These are under discussions with the International Development Association, but these talks are still in the early stages.

(b) No Sir.

(c) Does not arise.

रेलवे डाक सेवा के कर्मचारी

*1099. **श्री उमानाथ :** **श्री चक्रपाणि :**
श्री सत्य नारायण सिंह : **श्री अनिरुद्धन सिंह :**

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 24 जून, 1967 को रेलवे डाक सेवा के कर्मचारियों ने देश भर में 'ध्यानाकर्षण दिवस' मनाया था;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण थे;

(ग) क्या सरकार को इस सम्बन्ध में अखिल भारतीय रेलवे डाक सेवा कर्मचारी संघ श्रेणी तीन से कोई पत्र मिला था;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ?

संसद-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) "आर० एम० एस० वर्कर" की एक यूनियन की पत्रिका के मई, 1967 के अंक से यह पता चला है कि अखिल भारतीय रेल डाक-व्यवस्था कर्मचारी संघ श्रेणी III ने अपनी शाखा युनियनों को यह निदेश दिया था कि वे भारी संख्या में इकट्ठा होकर अपने स्थानीय अध्यक्षों को 24-6-1967 को ज्ञापन पेश करें।

(ख) ज्ञापन का उद्देश्य स्थानीय समस्याओं की ओर ध्यान दिलाना था।

(ग) से (ङ) अखिल भारतीय रेल डाक-व्यवस्था कर्मचारी संघ, श्रेणी III से कोई औपचारिक पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। फिर भी सभी स्थानीय प्राधिकारियों को यह सलाह दे दी गई थी कि वे यूनियन की शिकायतों की जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि जहां कहीं आवश्यकता हो मौजूदा नियमों और आदेशों के अनुसार उन्हें शीघ्र दूर किया जाए।

कनाडा के पर्यटकों की गिरफ्तारी

***1100. श्री क० प्र० सिंह देव :**
श्री प्र० के० देव :
श्री म० माझी :
श्री आत्म दास :
श्री राममूर्ति :
श्री ज्योतिर्मय बसु :
श्री अ० क० गोपालन :
श्री उमानाथ :
श्री चक्रपाणि :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पुलिस ने 23 जून, 1967 को आसाम-पूर्वी पाकिस्तान सीमा पर कच्छार जिले में महिषाशन के निकट पूर्वी पाकिस्तान में प्रवेश करने का प्रयास करते हुए कनाडा के दो पर्यटकों को रोका था;

(ख) क्या इस मामले की जांच की गई है; और

(ग) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी हां।

(ख) और (ग) स्थानीय जिला अधिकारियों ने उनसे पूछ ताछ की थी किन्तु उनके विरुद्ध कोई अपराध सिद्ध नहीं हुआ। बाद में उन्हें सिरचर लाया गया और कलकत्ते के लिए रवाना कर दिया गया।

अरब विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां

*1101. **श्री कंवर लाल गुप्त :** क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार अरब देशों के विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां देती हैं;

(ख) यदि हां, तो 1965-66 और 1966-67 में कितनी छात्रवृत्तियां दी गई और उन पर कितनी राशि खर्च की गई;

(ग) क्या यह सच है कि विदेशी विद्यार्थियों को इन शर्तों पर छात्रवृत्तियां दी जाती हैं कि वे राजनीतिक गतिविधियों में भाग नहीं लेंगे और अपनी पढ़ाई में अच्छे रहेंगे;

(घ) यदि हां, तो एक समारोह के अवसर पर नई दिल्ली में एक प्रदर्शन में भाग लेने वाले अरब विद्यार्थियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है;

(ङ) क्या यह भी सच है कि वे विद्यार्थी अपनी परीक्षाओं में अनेक बार फेल हुए हैं; और

(च) उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही न की जाने के क्या कारण हैं ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आज़ाद) : (क) जी, हां।

(ख)

1965-66 के दौरान अरब देशों के विद्यार्थियों को दी गई छात्रवृत्तियों की संख्या	1966-67	1965-66 के दौरान हुआ व्यय रुपये	1966-67 रूपये
16	15	70, 197	70, 031

(ग) विद्यार्थियों को राजनीतिक अथवा अन्य आपत्तिजनक या अवैध कार्यकलापों में भाग नहीं लेना चाहिए और उन्हें अपने अध्ययन में संतोषजनक प्रगति दिखानी चाहिए।

(घ) से (च) यदि प्रदर्शन का सम्बन्ध इजराइल का स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए श्री खुशवन्त सिंह के निवास स्थान पर 14 मई, 1967 को हुए स्वागत समारोह के प्रश्न से है, तो प्रदर्शनकारियों में भारतीय तथा विदेशी विद्यार्थी दोनों ही शामिल थे और यह अब तक मालुम नहीं हुआ है कि उनमें कुछ लोग सरकार से छात्रवृत्ति पाने वाले भी थे। पुलिस ने उसी दिन एक मामला दर्ज किया था। यदि अरब के किन्हीं छात्रवृत्ति पाने वालों के विरुद्ध पुलिस द्वारा कोई मामला दर्ज किया गया है, तो उसकी जानकारी की प्रतीक्षा है।

मिजो लोगों का वापस लौट आना

*1102. **श्रीमती ज्योत्सना चन्दा :**
श्री मधु लिमये :
श्री दी० चं० शर्मा :
श्री मरंडी :
श्री हेम बरुआ :
श्री शिवचन्द्र झा :
श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 300 मिजो लोग जो पूर्वी पाकिस्तान गये थे, भारत वापिस लौट आये हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने उनकी विद्रोहात्मक गतिविधियां बन्द कराने के लिये अथवा उन्हें गिरफ्तार करने के लिये क्या कार्यवाही की है ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) आसाम की राज्य सरकार के अनुसार पूर्वी पाकिस्तान से प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात् 200 से 300 तक मिजो युवकों के वापिस लौट आने के अपुष्ट समाचार प्राप्त हुए हैं।

(ख) सुरक्षा दल विद्रोही तत्वों का पता लगा कर उन्हें गिरफ्तार करने के लिये सावधान है।

घेराव

***1103. श्रीमती सुशीला रोहतगी :**
श्री दी० चं० शर्मा :

क्या गृह–कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि "घेराव" की घटनायें बहुत बढ़ती जा रही हैं और ये बंगाल बिहार तथा उत्तर प्रदेश में भी फैल गये हैं तथा कुछ अन्य राज्यों को भी इनसे खतरा पैदा हो गया है;

(ख) क्या सरकार घेराव को अराजकता की खतरनाक प्रवृति समझती है; और

(ग) यदि हां, तो देश में इस नये खतरे का सामना करने के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) घेराव की घटनाएं मुख्य रूप से पश्चिमी बंगाल में हुई हैं, यद्यपि अन्य राज्यों में भी कुछ मामले हुये हैं।

(ख) घेराव में कानून का उल्लंघन होता है। यदि इन पर कानून के अनुसार कार्यवाही न की गई तो इसके फलस्वरूप कानून का राज्य समाप्त हो जाएगा जिससे देश की शान्ति और प्रगति के लिए भयंकर परिणाम होंगे।

(ग) केन्द्रीय सरकार ने पश्चिम बंगाल सरकार को संविधान और कानून के राज्य की रक्षा करने का परामर्श दिया था। उन्होंने हमें सूचित किया है कि अब पुलिस, कानून के अनुसार कार्यवाही करने के लिये, स्वतंत्र है। यह मामला राज्यों के श्रम मंत्रियों के सम्मेलन तथा स्थायी श्रम समिति के सामने भी विचारार्थ आया था। आशा की जाती है कि सभी राज्य सरकारें घेराव का सामना करने के लिये कानून के अन्तर्गत यथोचित कार्यवाही करेंगी।

Resettlement of Ex-Servicemen in J & K

***1104. Shri Ram Gopal Shalwale :**
Shri Prakash Vir Shastri :
Shri Shiv Kumar Shastri :
Shri Raghuvir Singh Shastri :

Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a suggertion was received by Government to settle 31 lakh families of Ex-Servicemen in Kashmir towards a final solution of the Kashmir problem;

(b) if so, whether Government have taken any decision in this regard after giving a serious thought to this proposal;

(c) if not, the reasons therefor;

(d) whether Government have decided upon any other similar measure towards a final solution of this problem; and

(e) if so, the details thereof ?

The Minister of Home Affairs (Shri Y. B. Chavan) : (a) to (e) Suggestions for settling some ex-servicemen in Jammu & Kashmir State were received by Government. Government do not consider that it is feasible or desirable to adopt such a course. Government's stand in respect of Kashmir has often been stated in this House and there is nothing to add to those statements.

विश्व संचार प्रणाली

1105. श्री गं० च० दीक्षित : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1968 में विश्व संचार प्रणाली में भाग लेने के लिये भारत को क्या सहायता दी गई है और यह सहायता किस-किस देश ने दी है ;

(ख) क्या वर्तमान अन्तर्राष्ट्रीय संचार व्यवस्था वर्तमान भार को वहन करने की स्थिति में है; और

(ग) इस उपग्रह के माध्यम से कितने देश संचार व्यवस्था का लाभ उठायेंगे और इस विश्व संचार प्रणाली का हमारी वर्तमान व्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ेगा ?

संसद्-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य-मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) भारत के उपग्रह संचार के भूमि स्थित केन्द्र के लिये विदेशी सहायता का प्रश्न अभी विचाराधीन है।

(ख) वर्तमान समय में विदेश-संचार-परियात अधिकांशतः उच्च आवृत्ति (हाई फ्रीववेंसी) रेडियो प्रणाली पर होता है जो कि विश्वसनीय तथा त्वरित टेलीफोन सेवा प्रस्तुत करने के लिये अपर्याप्त भी है और उच्च-आवृत्ति वर्णक्रम (एच० एफ० स्पेक्ट्म) में संकुलता के कारण, निरन्तर बढ़ती हुई मांग को पूरा करने में अक्षम भी।

(ग) वर्तमान संकेत ये हैं कि संभवतः भारत समेत कोई बीस देश, प्राविधिक दृष्टि से सन्नद्ध होते ही हिन्द-महासागर-उपग्रह के माध्यम से कार्य करेंगे। जो देश उपग्रह-प्रणाली नहीं अपना पायेंगे उनसे संचार के लिये वर्तमान-प्रणाली ही काम में आती रहेगी तथा फालतू हो जाने वाला उपस्कर देश के भीतर की अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये सुलभ कर दिया जायगा।

मुख्य विकास आयुक्त, अन्दमान

1106. श्री गणेश : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह में मुख्य आयुक्त के पद का एक मुख्य विकास आयुक्त नियुक्त करने का प्रस्ताव है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने वित्तीय संकट के संदर्भ में इस पद की वांछनीयता पर विचार किया है;

(ग) प्रस्तावित मुख्य विकास आयुक्त को क्या-क्या विशिष्ट कार्य सौंपे जायेंगे; और

(घ) क्या द्वीप समूह विकास आयुक्त इन कार्यों को नहीं कर सके हैं ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह के त्वरित विकास कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिये मुख्य विकास एवं पुनर्वास आयुक्त के पद का सृजन करने का प्रस्ताव है । इस पद पर नियुक्त किये जाने वाला अधिकारी मुख्य आयुक्त के पद से नीचे का होगा और उसके अधीन कार्य करेगा ।

(ख) जी, हां ।

(ग) मुख्य विकास एवं पुनर्वास आयुक्त द्वीप समूह के त्वरित विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने तथा विभिन्न परियोजनाओं को कार्यान्वित करने के लिये जिम्मेदार होगा । द्वीप समूह के समस्त विकास कार्य का प्रभार भी उस पर होगा ।

(घ) तुलनात्मक दृष्टि से विकास आयुक्त अवर अधिकारी हैं । मुख्य आयुक्त ने सूचित किया है कि इन कार्यों को करने के लिये, विकास आयुक्त के अतिरिक्त मुख्य विकास एवं पुनर्वास आयुक्त होना चाहिए ।

Official Language Bill

*1107. **Shri Y. S. Kushwah :** **Shri Atam Das :**
Shri Prakash Vir Shastri : **Dr. Surya Prakash Puri :**

Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) whether some religious, social and political organisations of the country have protested against the Official Language Bill proposed to be introduced in Parliament;

(b) the names of the leading organisations and individuals amongst them;

(c) whether the said organisations have also offered some suggestions in this regard; and

(d) if so, the details thereof and the reaction of Government thereto ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) Representations on the subject have been received from some organisations.

(b) and (d) A statement is laid on the table of the House, **[Placed in Library. See No. LT-994/67]**

(c) Yes Sir.

Answers in Hindi

*1108. Shri Molahu Prasad :
Shri Maharaj Singh Bharati :
Shri Nihal Singh :
Shri Sheopujan Shastri :
Shri Prakash Vir Shastri :
Shri Ram Avtar Sharma :
Shri Atam Das :
Shri Hukam Chand Kachwai :
Shri Raghuvir Singh Shastri :
Shri Y. S. Kushwah :
Shri Shiv Kumar Shastri :
Shri Arjun Singh Bhadoria :

Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) whether it has been stated in the 16th Report of the Union Public Service Commission that one of the candidates who had written his answers in Hindi was awarded zero marks in those papers;

(b) whether it is a fact that Government have justified the said action;

(c) if so, the reasons for this violation of the Constitution;

(d) whether Government propose to introduce Hindi as an alternative medium to English for the U.P.S.C. examination; and

(e) if not, the reasons therefor ?

The Minister of Home Affairs (Shri Y. B. Chavan) : (a) to (c) A statement is laid on the Table of the House. [Placed in Library See. No. LT-995/67]

(d) and (e) Government have decided to introduce all the languages mentioned in the VIIIth Schedule to the Constitution, in addition to English, as alternative media for All India and higher Central Services Examination conducted by the Commission. This would be done after Commission have advised regarding the scheme of Examinations, the procedural aspects and the timing for the introduction of this change over.

Pay Scales and Service Conditions in Andamans

*1109. Dr. Surya Prakash Puri :
Shri Atam Das :
Shri Prakash Vir Shastri :
Shri Y. S. Kushwah :
Shri Shiv Kumar Shastri :

Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) whether the pay scales and service conditions of the various posts in Andaman Islands are different from those in the mainland;

(b) whether these islands are within the jurisdiction of the Union Public Service Commission; and

(c) if not, the reasons therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) The pay scales of the various posts under the Andaman and Nicobar Administration are based on the pattern adopted for Central Government posts in general. The general rules and orders regulating the service conditions of Central Government employees are applicable to the employees of the Andaman and Nicobar Administration, unless specifically excluded.

(b) Yes, Sir.

(c) Does not arise.

Abolition of Privy Purses

*1110. **Shri Prakash Vir Shastri :**
Shri Shiv Kumar Shastri :
Shri Raghuvir Singh Shastri :
Shri Ram Avtar Sharma :
Shri Atam Das :
Shri Arjun Singh Bhadoria :
Shri Y. S. Kushwah :
Dr. Surya Prakash Puri :
Shri Mahant Digvijai Nath :
Shri Hukam Chand Kachwai :
Shri K. M. Madhukar :
Shri Kameshwar Singh :
Shri Kanwar Lal Gupta :
Shri Bhogendra Jha :
Shri S. R. Rana .
Shri Madhu Limaye :
Shri Sidheshwar Prasad :
Shri D. S. Patil :
Shri S. Kundu :
Shri Hem Barua :
Dr . Ram Manohar Lohia :
Shri George Fernandes :
Shri Yashpal Singh :
Shri K. Ramani :
Shri P. Gopalan :
Shri Umanath :
Shri Jyotirmoy Basu :

Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the All-India Congress Committee has requested Government to abolish the Privy Purses to the former rulers;

(b) if so, the reaction of Government thereto;

(c) whether Government have received some representations from the former rulers in this regard; and

(d) if so. when a final decision is likely to be taken in the matter ?

The Minister of Home Affairs (Shri Y.B. Chavan) : (a) to (d): The All India Congress Committee has passed a resolution to the effect that the Government should examine the question of abolishing the special privileges and privy purses of the Rulers of former Indian States. The Government have received some representations from former Rulers in this regard. Government are examining all aspects of the matter. That will take some time.

भोपाल में टेलीफोन व्यवस्था

5258. **श्री बाबूराव पटेल :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश की राजधानी, भोपाल की समूची टेलीफोन व्यवस्था को स्वचालित व्यवस्था में बदलने का काम निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नहीं चल रहा है;

(ख) यदि हां, तो उसके मार्ग में क्या बाधायें आ रही हैं;

(ग) भोपाल में अब भी कितने टेलीफोन ऐसे हैं जो टेलीफोन एक्सचेंज के माध्यम से अपने वांछित नम्बर मिलाते हैं; और

(घ) कब तक उनके स्वचालित हो जाने की सम्भावना है ?

संसद-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य-मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी नहीं। प्रोग्राम निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही चल रहा है।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

(ग) और (घ) 674 टेलीफोन अभी तक करचल टेलीफोन हैं। 1971 तक उनके स्वचल होने की आशा है।

इंजीनियरिंग कालेज, कालीकट

5259. श्री नायनार : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आवास तथा शिक्षकों की पर्याप्त संख्या आदि के लिये रीजनल इंजीनियरिंग कालेज, कालीकट में गत वर्ष विद्यार्थियों ने हड़ताल की थी;

(ख) क्या सरकार को पिछले वर्ष विद्यार्थियों से इस सम्बन्ध में कोई अभ्यावेदन मिला था; और

(ग) यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है ?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) प्रादेशिक इंजीनियरी कालेज कालीकट में पिछले साल छात्रों की हड़ताल तो हुई थी, लेकिन इसके कारण आवास की कमी या कर्मचारियों का अपर्याप्त होना न था।

(ख) छात्रों से एक अभिवेदन मिला था, पर दूसरे मामलों के बारे में।

(ग) छात्रों के अनुरोध पर उपयुक्त कार्रवाई की गई थी।

गुजरात की ग्रामीण संस्थाओं में छात्रवृत्तियां

5260. श्री नरेन्द्र सिंह महीडा : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात की विभिन्न ग्रामीण संस्थाओं में से जिन्हें चालू वर्ष में केन्द्रीय सरकार से छात्रवृत्तियां मिलेंगी, कितने विद्यार्थी चुने गये हैं और इनके नाम क्या हैं;

(ख) क्या यह सच है कि अन्य राज्यों के विद्यार्थियों को जितनी छात्रवृत्तियां दी गई हैं उनकी तुलना में गुजरात के विद्यार्थियों कों ऐसी छात्रवृत्तियाँ कम दी गई है; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) से (ग) देश के विभिन्न ग्राम संस्थानों के छात्रों को छात्रवृत्तियां देने के लिए चुनाव केन्द्रीय आधार पर नहीं किया जाता है। ग्राम उच्च शिक्षा की योजना के अधीन व्यक्तिगत ग्राम संस्थाओं द्वारा हर कक्षा में नामांकित छात्रों के 20 प्रतिशत को [देहाती सेवाओं और प्रिपेरेटरी पाठ्यक्रमों की छात्राओं के लिये (पांच प्रतिशत अतिरिक्त)] स्वीकृत दरों पर वजीफे देने की व्यवस्था की जाती है।

विभिन्न राज्यों में स्थित सभी ग्राम संस्थानों में वजीफों की संख्या जोड़ने का आधार एक ही है। ऐसा एक ग्राम संस्थान गुजरात में है जिसका नाम है लोक भारती ग्राम संस्थान,

सनोसरा। इस वित्तीय साल में जो छात्र वजीफे प्राप्त करेंगे उनकी ठीक-ठीक संख्या प्रवेश पूरा होने पर ही जानी जा सकेगी।

गुजरात राज्य में राजनीतिक पीड़ितों को सहायता

5261. श्री नरेन्द्र सिंह महीडा : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि : –

(क) गुजरात राज्य में मार्च, 1967 तक भूमि नियतन तथा आर्थिक सहायता के लिये राजनीतिक पीड़ितों के कुल कितने आवेदन-पत्र मिले थे;

(ख) कितने प्रार्थियों को भूमि दी गई;

(ग) कितने प्रार्थियों को आर्थिक सहायता दी गई तथा मार्च, 1967 तक कुल कितना धन व्यय किया गया; और

(घ) क्या सरकार का विचार स्थानीय सरकार को और धन देने का है जिससे वह राजनैतिक पीड़ितों की कठिनाइयां कम कर सकें ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) से (घ) राजनीतिक पीड़ितों की सहायता तथा पुनर्वास मुख्य रूप से राज्य सरकारों का उत्तरदायित्व है। गुजरात की सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार राज्य द्वारा 6 राजनीतिक पीड़ितों को भूमि दी गई है। कठिनाई के व्यक्तिगत मामलों के गृह मंत्री के विवेकानुदान में से इकट्ठे नकद अनुदान के रूप में भी सहायता दी जाती है। इस अनुदान में से गुजरात के तीन राजनीतिक पीड़ितों को 1050 रुपये तक की वित्तीय सहायता दी गई है।

गुजरात में काम दिलाऊ दफ्तर

5262. श्री नरेन्द्र सिंह महीडा : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 दिसम्बर, 1966 तथा 30 अप्रैल, 1967 को गुजरात में विभिन्न काम दिलाऊ दफ्तरों में दर्ज अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के (एक) शिक्षित और (दो) अशिक्षित व्यक्तियों की संख्या क्या थी; और

(ख) 1966 में तथा अप्रैल, 1967 के अन्त तक उनमें से कितने व्यक्तियों को रोजगार दिलाया गया ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी) : इस सम्बन्ध में वर्ष में एक बार दिसम्बर माह सम्बन्धी जानकारी इकट्ठी की जाती है। ताजे आंकड़े नीचे दिए गए हैं :—

---

* अनपढ़ लोगों के बारे में जानकारी अलग से नहीं इकट्ठी की जाती।

(क) उम्मीदवारों की श्रेणी	31-12-1966 को रोजगार कार्यालयों के चालू रजिस्टरों में दर्ज नाम	
	अनुसूचित जाति के उम्मीदवार	अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवार
मैट्रिक से कम (जिनमें अनपढ़ भी शामिल है)*	9,887	3,525
मैट्रिक पास और इससे अधिक	2,627	727
कुल	12,514	4,252

* अनपढ़ लोगों के बारे में जानकारी अलग से नहीं इकट्ठी की जाती ।

(ख) जनवरी-दिसम्बर, 1966 के बीच अनुसूचित जाति के 1,493 और अनुसूचित आदिम जाति के 687 उम्मीदवारों को नियुक्ति सहायता दी गई ।

गुजरात में टेलीफोन कनेक्शन

5263. श्री नरेन्द्र सिंह महीडा : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करगे कि ।

(क) 30 अप्रैल, 1967 को गुजरात में विभिन्न टेलीफोन केन्द्रों में टेलीफोन कनेक्शन मंजूरी के लिए क्रमशः कितने आवेदन पत्र अनिर्णीत पड़े थे; और

(ख) उनकी शीघ्र मंजूरी दिलाने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

संसद-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य-मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) 31 मार्च, 1967 को गुजरात के विभिन्न टेलीफोन केन्द्रों में अनिर्णीत पड़े आवेदनों की संख्या 31,878 थी । 30 अप्रैल, 1967 तक की सूचना इस समय उपलब्ध नहीं है । प्रत्येक टेलीफोन केन्द्र के लिए अलग से प्रतीक्षा सूची में पड़े आवेदनों की संख्या दिग्दर्शक विवरण पत्र सभा-पटल पर रखा जा रहा है । **[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 996-67]**

(ख) साधन उपलब्ध होने पर नये टेलीफोन केन्द्र खोलने, मौजूदा टेलीफोन केन्द्रों का विस्तार करने और अधिक से अधिक कनेक्शन देने के लिए भूमिगत केबिल बिछाने के लगातार प्रयत्न किये जा रहे हैं ।

गुजरात में टेलीफोन एक्सचेंज

5264. श्री नरेन्द्र सिंह महीडा : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 30 अप्रैल, 1967 को गुजरात में कितने टेलीफोन एक्सचेंज थे;

(ख) क्या 1967-68 में उनकी संख्या बढ़ाने का कोई प्रस्ताव है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

संसद-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य-मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) 200 ।

(ख) जी हां ।

(ग) निम्नलिखित 40 में से अधिकांश स्थानों पर टेलीफोन केन्द्र खोले जाने की संभावना है–

1. अदालाज 2. अदास 3. अलियावादा 4. वरेजा 5. बिलखा 6. चिताल 7. धरोल 8. डूंगर 9. फोर्ट सोंगध 10. गदेहदा 11. गरियाधर 12. गेरिता कोलवाड़ा 13. जोदिया 14. कालावाद 15. खम्बा 16. कोयाली 17. लालपुर 18. लोंदरा 19. मागदल्ला 20. मलिया हतीना 21. मोती मरद 22. नसवादी 23. ओदे 24. पधदारी 25. रास 26. सालया 27. संजन 28. संखेदा 29. सायला 30. सोनगढ़ 31. शेरबाग 32. सिलवासा 33. सामी 34. सोजित्रा 35. सिपोर 36. सिनोर 37. थासरा 38. टिम्बा रोड 39. वदाल 40. वेजालपुर ।

हिन्दी की उपभाषायें

5265. **श्री गा० शं० मिश्र :**
श्री नीतिराज सिंह चौधरी :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हिन्दी की विभिन्न उपभाषायें कौन कौन सी हैं; और

(ख) क्या इनमें से किसी को अलग भाषा स्वीकार करने का प्रस्ताव विचाराधीन है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री के० एस० रामास्वामी) : (क) उन मातृ भाषाओं को दिखाने वाला एक विवरण, जिनको 1961 की जनगणना के अनुसार "हिन्दी" के अन्तर्गत सम्मिलित किया गया है, सभा पटल पर रख दिया गया है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 997/67]

(ख) ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है ।

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के लोगों के लिये सरकारी सेवाओं में आरक्षण

5266. **श्री इ० रा० परमार :**
श्री रामचन्द्र ज० अमीन :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार की सेवाओं तथा राज्य सरकारों की सेवाओं में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के लिये कितना कोटा आरक्षित है ;

(ख) क्या केन्द्रीय सरकार तथा राज्य सरकारों के अधीन कर्मचारियों के प्रत्येक वर्ग में यह कोटा पूरा किया जा रहा है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) इन वर्गों के लोगों को रोजगार देने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री के० एस० रामास्वामी) : (क) से (घ) केन्द्रीय सरकार की सेवाओं में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के लिए आरक्षण का कोटा संलग्न टिप्पणी में दिखाया गया है। **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 998/67]** जैसा कि उसमें बताया गया है, केन्द्रीय सरकार के अधीन, सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाली सेवाओं तथा पदों की रिक्तियों में और चयन अथवा विभागीय परीक्षा द्वारा ऐसे वर्गों में से भरे जाने वाले श्रेणी III और IV पदों में जिनके लिए किसी भी प्रकार की सीधी भरती नहीं होती अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित आदिम जातियों के लिये आरक्षण किया गया है। केन्द्रीय सरकार के अधीन सीधी भरती द्वारा भरे जाने वाले श्रेणी III और IV पदों में जिन पर आरक्षण लागू होता है (श्रेणी IV पदों के लिये अनुसूचित जातियों को छोड़कर) विशेष रूप से उन पदों के बारे में जहां तकनीकी अथवा विशेष योग्यताएं अपेक्षित होती हैं, अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवार सदा ही उपलब्ध नहीं होते।

सरकार के अधीन सेवाओं में अनुसूचित जातियों के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के उपायों के बारे में सलाह देने के लिए गृह मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव श्री एम० आर० यार्डी की अध्यक्षता में एक अध्ययन दल बनाया गया है। दल की सिफारिशों के उपलब्ध होते ही उन पर सरकार द्वारा तुरन्त विचार किया जाएगा।

जहां तक राज्य सेवाओं का सम्बन्ध है, संविधान के अनुच्छेद 16(4) तथा 12 के साथ पठित अनुच्छेद 335 द्वारा राज्य सेवाओं में आरक्षण अलग-अलग राज्य सरकारों का काम है।

Aid to Hindi Medium Schools

5267. Shri Ramachandra Veerappa : Will the Minister of Education be pleased to state :

(a) whether Government are rendering financial assistance to the Hindi-medium schools running in non-Hindi speaking States;

(b) if so, the State-wise number of such schools; and

(c) the amount of financial assistance given to each such State ?

The Minister of State in the Ministry of Education (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) to (c) Financial assistance on an ad-hoc basis is given to recognised Hindi medium

schools run by Voluntary Organizations in non-Hindi speaking States to cover their deficit. The grants are given directly to the institutions on the recommendations of the State Governments' concerned. A statement showing the details of Hindi medium schools in varions non-Hindi speaking States which received financial assistance from this Ministry during the year 1966-67 is attached. **[Placed in Library. See No L.T.-999/67]**

भारतीय शास्त्रीय नृत्य

5268. श्री शिवचन्द्र झा : क्या **शिक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय शास्त्रीय नृत्यों के नाम क्या हैं;

(ख) उन्हें विदेशों में लोकप्रिय बनाने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है; और

(ग) वर्ष 1966-67 में विदेशों में आयोजित किये गये नृत्यों से भारत ने कितनी विदेशी मुद्रा कमाई ?

शिक्षा मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) विद्वानों ने सामान्य रूप से भारत नाट्यम, कथकली, कथक, मनीपुरी और उड़ीसी नृत्यों को शास्त्रीय नृत्यों के रूप में स्वीकार कर लिया है। इसके अतिरिक्त कुचीपुडी और कूडीयाट्टम जैसे अन्य नृत्य नाटकों को भी कभी कभी शास्त्रीय नृत्यों का नाम दिया जाता है।

(क) क्या यह सच है कि दिसम्बर, 1965 में अनुसन्धान तथा उद्योग सम्बन्धी पहले सम्मेलन में अनुसन्धान और विकास सम्बन्धी नीतियों के बारे में कुछ सिफारिशें की गई थी ;

(ख) यदि हां, तो क्या क्या सिफारिशें की गई थी तथा उनमें कौन कौन सी सिफारिशें पूर्णतः । अंशतः क्रियान्वित की गई है ; और

(ग) इसका दूसरा सम्मेलन कब होगा ?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) जी हां, ।

(ख) अनुसंधान और विकास नीतियों पर सिफारिशें 'फर्स्ट गेट-टूगेदर आफ रिसर्च एण्ड इंडस्ट्री–रिकमेंडेशन आन रिसर्च एण्ड डवलपमेंट पालिसीज" नामक पुस्तिका में प्रकाशित कर दी गई हैं, जिसकी प्रति संसद पुस्तकालय में उपलब्ध है ।

सिफारिशों को कार्यान्वित करने के लिए मंत्रालयों । विभागों, उद्योगों और संबंधित अनुसंधान संस्थाओं के साथ कार्रवाई शुरू कर दी गई हैं ।

(ग) दूसरा मिलन आयोजित करने के लिए कोई निर्णय नहीं लिया गया है ।

राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों में टेलीफोन कनक्शनों के लिए लम्बित आवेदन–पत्र

5323. **श्री श्रद्धाकार सूपकार** : क्या **संचार मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे :

(क) राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों में टेलीफोन प्राप्त करने के कितने आवेदन पत्र एक वर्ष से अधिक समय से अनिर्णित पड़े हैं; और

(ख) इन मामलों में विलम्ब के क्या कारण है ?

संसद-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) टेलीफोन कनेक्शनों के लिए एक वर्ष से अधिक समय से अनिर्णित पड़े आवेदन पत्रों की संख्या 2,27,451 है, जिनका ब्यौरा नीचे दिया गया है...

राज्य 1,77,898

संघीय प्रदेश 4,9553

(ख) टेलीफोन देने में विलम्ब होने के मुख्य कारण है:

टेलीफोनकेन्द्रों में उपस्करों, जमीन के नीचे बिछे केबिलों और कुछ सामान की कमी । फिर भी, उपलब्ध साधनों के अनुसार यथा सम्भव अधिक से अधिक कनेक्शन देने के लगातार प्रयत्न किये जा रहे हैं ।

पूर्वी पाकिस्तान के विस्थापित व्यक्तियों के लिए दिल्ली में बस्ती

5324. **श्री लीलाधर कटकी :**
श्री नि० रं० लास्कर :

क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार का पूर्वी पाकिस्तान के विस्थापित व्यक्तियों के लिये दिल्ली में बस्ती स्थापित करने का विचार है ;

(ख) यदि हां, तो क्या पश्चिमी पाकिस्तान के उन विस्तापित व्यक्तियों को भी जिन्हें अभी तक कोई निवास स्थान नहीं दिया गया है वहां स्थान देने का विचार है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके कारण क्या है ?

श्रम रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में मन्त्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) पूर्वी पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियों को, जो दिल्ली में लाभकारी रोजगार पर लगे हैं रिहायशी पलाट अलाट करने के लिए कालका जी में एक बस्ती का विकास किया जा रहा है ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) पश्चिम पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियों के पुनर्वास के लिये जिनका पुनर्वास पहले ही पूर्ण हो चुका है, सरकार द्वारा दिल्ली में बहुत सी बस्तियां पहले ही निर्मित की जा चुकी है । ऐसे विस्थापित व्यक्तियों के लिए फिलहाल कोई नयी योजना नहीं है ।

आसाम में चीनियों द्वारा जासूसी

5325. **श्री वि०ना० शास्त्री** : क्या गृह कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में कुरसियोंग और कालिमपोंग चीनियों के जासूसी के अड्डे हैं ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार का विचार इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही करने का है ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) और (ख) सरकार के पास ऐसी कोई सूचना नहीं है कि दार्जिलिंग जिले में कुरसियोंग और कालिमपोंग आजकल चीनीयों के जासूसी अड्डे हैं । फिर भी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है । 1962 में लड़ाई शुरू होने से पहले चीनी ट्रेड एजेन्सी के साथ मिलकर चीनी ऐजन्टों की भारत–विरोधी गतिविधियां ध्यान में आई थी । कालिमपोंग की चीनी ट्रेड एजन्सी को बन्द करने, अवांछनीय तत्वों को, जिले से निष्कासित करने और सारे के सारे दार्जिलिंग जिले को सीमिति क्षेत्र घोषित करने जैसे कदम उठाये गये हैं ।

मैट्रिक परीक्षा के परिणाम

5326. **श्री रविराय** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भिन्न भिन्न राज्यों में मैट्रिक परीक्षा के परिणाम पहले ही घोषित कर दिये गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो भिन्न भिन्न राज्यों में कितने प्रतिशत अभ्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं ; और

(ग) केवल अंग्रेजी में कितने प्रतिशत विद्यार्थी असफल रहे हैं ?

शिक्षा मन्त्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) से (ग) चाही गई जानकारी इकट्ठी की जा रही है और जैसे ही उपलब्ध हुई, सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज लिमिटेड, बंगलौर को फेराइट की आवश्यकता

5327, **श्री २० बरूआ :**
श्री रामावतार शर्मा :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिये 'फेराइट' की मांग देशी उत्पादन से पूरी की जाती है या आयात द्वारा पूरी की जाती है ;

(ख) यदि इसका आयात किया जाता है, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या राष्ट्रीय भौतिक प्रयोग शाला यह मांग पूरी कर सकता है ?

संसद कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) (क) इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज लि० की 'फेराइट' की आवश्यकताएं आयातित सामग्री से पूरी की जाती हैं ।

(ख) आई० टी० आई० लि० को जिस प्रकार और विशिष्टियों के 'फेराइट-कौर की जरूरत होती है वैसे इस समय देशी तौर पर बन नहीं रहे हैं ।

(ग) राष्ट्रीय भौतिक प्रयोग शाला ने आई० टी० आई० लि० में बन रहे दूर संचार उपस्कर में प्रयोग के उपर्युक्त, व्यवसायिक स्तर के फेराइट के नमूनों का अभी उत्पादन नहीं किया है । अलबत्ता, राष्ट्रीय भौतिक प्रयोग शाला को आशा है कि भविष्य में उनके द्वारा तैयार किये गये नमूने आई० टी० आई० लि० की विशिष्टि अपेक्षाओं को पूरा कर सकेंगे ।

Post-Graduate Scholarship awarded during 1966-67 to S.C. & S T. Students

5328. Shri Nathu Ram Ahirwar : Will the Minister of Eduction be pleased to state :

(a) the amount of scholarships awarded to the post-graduate students during 1966-67;

(b) the number of Scheduled Caste and Scheduled Tribe students seperately amongst them who were awarded scholarship;

(c) whether the amount sanctioned for scholarships was sufficient for the number of students belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes; and

(d) if not, the action taken by Government thereon ?

The Minister of State in the Ministry of Education (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) and (b) The required information is not readily available with the Education Ministry.

(c) Yes, Sir, under the scheme of National Scholarships for students belonging to Scheduled Castes, etc. every eligible student was given the scholarship.

(d) Does not arise.

मनीपुर में सहायता-प्राप्त स्कूलों के शिक्षक

5329. **श्री मेघचन्द्र** : क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मनीपुर में सहायता-प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों को 1 अप्रैल, 1964 से लागू किये गये पुनरीक्षित वेतन-क्रमों के अनुसार देय वेतन की बकाया राशि का अभी तक भुगतान नहीं किया गया है;

(ख) यदि हां, तो उन्हें वेतन की बकाया राशि कब तक मिलने की आशा है; और

(ग) विलम्ब होने के क्या कारण हैं ?

शिक्षा मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग) सहायता प्राप्त माध्यमिक स्कूलों पर पुनरीक्षित वेतन-क्रम लागू करने के लिये भारत सरकार का अनुमोदन अक्तूबर, 1966 में दिया गया था, परन्तु उस खर्च को पूरा करने के लिये 1966–67 के बजट में कोई उपबन्ध नहीं किया जा सका था । बकाया राशि के भुगतान के लिये प्रशासन ने जून, 1967 में मंजूरी दे दी थी और आशा है कि महा-लेखापाल से भुगतान की स्वीकृति प्राप्त करने के तुरन्त बाद भुगतान कर दिया जायेगा ।

मनीपुर में पाठ्य पुस्तकें

5330. **श्री मेघ चन्द्र** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि मनीपुर संघ राज्य क्षेत्र में दो प्रकार की पाठ्य पुस्तकें लागू है अर्थात् एक प्रकार की मनीपुर के पूर्वी भाग में रहने वाले लड़के और लड़कियों के लिये और दूसरे प्रकार की पश्चिमी भाग में रहने वाले नवयुवक तथा नवयुवतियों के लिये; और

(ख) इस प्रथा का अन्त कब तक किया जायेगा ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) जी हां ।

(ख) वर्तमान प्रणाली को बन्द करने का इस समय कोई प्रस्ताव नहीं है ।

गोआ के उपराज्यपाल, मन्त्रियों तथा सरकारी कर्मचारियों के यात्रा भत्तों तथा दैनिक भत्तों पर व्यय

5331. **श्री शिंकरे** : क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गोआ के स्वतंत्र होने के बाद मंत्रियों तथा सब श्रेणियों के सरकारी कर्मचारियों की सदभावना यात्राओं तथा अध्ययन के लिये बाहर जाने तथा गोआ में दमन और दीव में नियुक्ति होने तथा स्थानान्तरित होने के लिये यात्रा भत्तों और दैनिक भत्तों पर वर्षवार कितना धन व्यय हुआ है; और

(ख) इसी अवधि में उनके दिल्ली के सरकारी दौरों के सम्बन्ध में यात्रा भत्तों तथा दैनिक भत्तों पर वर्षवार कितना व्यय हुआ है ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) और (ख) एक विवरण सभा-पटल पर रखा जाता है। **[पुस्तकालय में रखा गया, देखिये संख्या एल० टी० 1007/67]**

मध्य प्रदेश में टेलीफोन कनक्शन

5332. श्री नीतिराज सिंह चौधरी :
श्री गं० च० दीक्षित :

क्या **संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 30 अप्रैल. 1967 को मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिले में टेलीफोन केन्द्रों में टेलीफोन कनक्शनों के कितने आवेदन पत्र अनिर्णीत पड़े थे;

(ख) उपरोक्त आवेदन पत्रों में सबसे पुराने आवेदन पत्र का ब्यौरा क्या है तथा यह किस तिथि से अनिर्णीत पड़ा है; और

(ग) आवेदनकर्ताओं को सरकार का विचार कब तक टेलीफोन कनेक्शन देने का है ?

संसद कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) 30467 को मध्य प्रदेश में कुल 8,632 आवेदन पत्र लम्बित थे जैसा कि संलग्न विवरण में बताया गया है। **[पुस्तकालय में रखा गया, देखिये संख्या एल० टी० 1008/67]**

(ख) सबसे पुराने आवेदन पत्रों की तारीख 4 अगस्त, 1959 है।

(ग) कोई समय सीमा निर्धारित करना सम्भव नहीं है। समसाधनों की उपलब्धता के अधीन रहते हुए अधिकाधिक कनेक्शन देने के लिये नये एक्सचेंज खोलने और वर्तमान एक्सचेंजों का विस्तार करने के लिये निरन्तर रूप से प्रयत्न किये जाते हैं।

मध्य प्रदेश में टेलीफोन एक्सचेंजों में मैकेनिक

5333. श्री नीतिराज सिंह चौधरी : क्या **संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में इटारसी; होशंगाबाद, पिपरिया, गदरवाड़ और नरसिंहपुर टेलीफोन एक्सचेंजों के लिये मैकेनिकों की स्वीकृति पदसंख्या कितनी है;

(ख) इनमें से प्रत्येक एक्सचेंज में इस समय वास्तव में कितने-कितने मैकेनिक काम कर रहे हैं;

(ग) क्या टेलीफोन व्यवस्था के बार-बार खराब हो जाने तथा इटारसी–नागपुर लाइन के प्राय: खराब रहने का कारण मैकेनिकों की कमी है; और

(घ) यदि, हां, तो इसके बारे में क्या कार्यवाही की गई है ?

संसद कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) इन स्थानों पर मैकेनिकों की स्वीकृत पदसंख्या इस प्रकार है:-

इटारसी	2
होशंगाबाद	1
पिपरिया	1
गोदरवाड़े	1
नरसिंहपुर	1

(ख) इन स्थानों पर वास्तव में काम करने वाले मैकेनिकों की संख्या इस प्रकार है:-

इटारसी	1
होशंगाबाद	कोई नहीं
पिपरिया	1
गोदरबाड़े	कोई नहीं
नरसिंहपुर	1

(ग) जी नहीं। इनका कारण थी इस खन्ड में तांबे के तार की चोरी और अमला में बिजली का खराब होना।

(घ) तांबे के तार की चोरी रोकन के लिये राज्य सरकार की सहायता से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा रही है। तांबे के तार के स्थान पर तांबे का झाल लगा तार लगाने का प्रस्ताव है।

आदिकालीन संस्कृति को बनाये रखना

5334. **श्री ग्र० सिं० सहगल** : क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लिटिल अन्दमान में शरणार्थियों के पुनर्वास से ओंगियों (आदिकालीन जाति) की आदिकालीन संस्कृति के नष्ट होने की सम्भावना है;

(ख) क्या यह आदिम जाति कानूनों के विरुद्ध नहीं हैं, जिनके अन्तर्गत सभ्य लोग, बिना अनुमति के उस क्षेत्र में नहीं जा सकते हैं; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ओंगी जाति को नष्ट होने से बचाने के लिये उनको ग्रेट निकोबार में बसाने के बारे में विचार करेगी ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी, नहीं। लिटिल अन्दमान में 60,000 एकड़ वन-भूमि को साफ करने तथा 12,000 परिवारों को बसाने का विचार है। इस पर भी ओंगियों के लिये वन-भूमि का लगभग 1,19,200 एकड़ क्षेत्रफल शेष रह जायेगा जबकि उनकी संख्या केवल 140 के लगभग है।

(ख) अन्दमान तथा निकोबार द्वीप समूह (आदिकालीन जाति सुरक्षा) विनियम, 1956 के अधीन लिटिल अन्दमान को सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। इसका उद्देश्य यह है कि केवल उसी क्षेत्र को खुला घोषित किया जायेगा जिसकी पुनर्वास के लिये आवश्यकता होगी, शेष क्षेत्र सुरक्षित ही बना रहेगा।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

निकोबार द्वीपसमूह में शाक-वाटिकायें

5335. **श्री अ० सि० सहगल** : क्या **गृह-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि निकोबार द्वीपसमूह के कमोरेटा द्वीप के चिकित्सा विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने निजी उपयोग के लिये लगाई गई छोटी फल तथा शाक-बाटिकायें सरकार ने अपने कब्जे में ले ली हैं और राजस्व प्राप्त करने के उद्देश्य से कृषि विभाग के अधीन कर दी हैं; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार अन्डमान के सरकारी भवन के कई एकड़ वाले बड़े अहाते को जहां फलों के वृक्ष बहुत बड़ी संख्या में हैं राजस्व प्राप्ति के उद्देश्य से कृषि विभाग के प्रबन्ध के अधीन कर देने का है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

पाकिस्तान द्वारा भारतीय राज्य क्षेत्र पर अतिक्रमण

5336. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री** :
श्री रामावतार शर्मा :
श्री शिव कुमार शास्त्री :
श्री रघुवीर सिंह शास्त्री :
श्री अर्जुनसिंह भदौरिया :
श्री नरदेव स्नातक :
डा० सूर्य प्रकाश पुरी :
श्री देवकी नन्दन पाटौदिया :
श्री रा० बरुआ :

क्या **गृह-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान सीमा पर पाकिस्तान द्वारा किये गये अतिक्रमण के बारे में पाकिस्तान सरकार को भेजे गये विरोध-पत्र का क्या उत्तर प्राप्त हुआ है;

(ख) पिछले दो महीनों में पाकिस्तान ने भारतीय सीमाओं का कितनी बार अतिक्रमण किया;

(ग) उनका पूरा ब्यौरा क्या है और क्या सरकार का विचार विरोध-पत्र भेजने के अतिरिक्त कोई ठोस कार्यवाही करने का है; और

(घ) यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या होगा ?

गृहकार्य मंत्री (श्री यशवन्त राव चह्वाण) : (क) से (घ) 1966 में परराष्ट्र मन्त्रालय द्वारा दिये गये चार विरोध पत्रों में से दो के उत्तर प्राप्त हुए हैं।

15 अप्रैल से 15 जून, 1967 तक की अवधि के दौरान पाकिस्तानी सेना अथवा अर्ध सैनिक दलों द्वारा भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की कोई घटनायें नहीं हुई। हां इस बात का सन्देह है कि एक पाकिस्तानी गश्ती दल द्वारा जो भारत में घुस आया हो बाड़मेर जिले के एक भारतीय नागरिक को पशु चराते समय पहुत कर लिया गया। बाड़मेर के पुलिस सुपरिन्टेडेंट द्वारा इस घटना के बारे में अपने समकक्ष पाकिस्तानी अधिकारी को विरोध पत्र दिया गया है। सीमा सुरक्षा दल के स्थानीय अधिकारियों द्वारा भी पाकिस्तानी पक्ष के समकक्ष अधिकारियों के साथ इस मामले पर कार्यवाही की गई है।

भारत पाकिस्तान सीमा पर लगातार चौकसी रखी जाती है। जब कभी आवश्यक होता है तब गश्त को बढ़ाया जाता है। सीमा सुरक्षा दल के स्थानीय अधिकारी अपने समकक्ष पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ सीमा पर घटने वाली घटनाओं के बारे में कार्यवाही करते हैं।

रेलवे डाक सेवा कार्यालय, दिल्ली

5337. **श्री चक्रपाणि :**
श्रीमती सुशीला गोपालन :
श्री उमानाथ :

क्या **संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि लगभग 1½ वर्ष पहले दिल्ली मुख्य रेलवे स्टेशन पर रेलवे डाक सेवा में कैरियर वेल्ट सिस्टम स्थापित किया गया था और इस पूरे सिस्टम को चालू नहीं किया गया था;

(ख) इसे लगाने पर कितना धन व्यय हुआ और किस कम्पनी ने इसे लगाया;

(ग) इसे चालू न करने के क्या कारण हैं; और

(घ) क्या सरकार का विचार इस मामले की जांच करने का है ?

संसद कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) स्थापन-कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है।

(ख) कुल अनुमानित व्यय 18,775 रुपये है। अभी तक 9,922 रुपये 50 पैसे खर्च हुए हैं। दि सूरजकुण्ड माइनिंग एण्ड मशीनरी कम्पनी, प्राइवेट लिमिटेड, डाकघर बदरपुर, नई दिल्ली 1, को यह काम सौंपा गया है।

(ग) जैसा कि ऊपर (क) में दिया गया है ।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

रेलवे डाक सेवा के दिल्ली कार्यालय में पत्र बन्धन (लेटर टाइङ्ग) मशीन

4338. श्री अ० क० गोपालन :
श्री विश्वनाथ मेनन :
श्री नायनार :
श्री रमानी :
श्री भगवान दास :
श्री ज्योतिर्मय बसु :

क्या संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली मेन रेलवे स्टेशन पर स्थित रेलवे डाक सेवा कार्यालय के लिये लगभग **आधी दर्जन** पत्र-बन्धन (लेटर टाइङ्ग) गशीनें मंगाई गई थीं;

(ख) क्या पिछले दो वर्षों में इस कार्यालय में इन मशीनों को प्रयोग नहीं किया गया;

(ग) इन मशीनों की लागत क्या है;

(घ) रेलवे डाक सेवा के दिल्ली कार्यालय में इन मशीनों को खाली रखने और उन्हें अन्य कार्यालयों में प्रयोग न करने के क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या सरकार का विचार इस मामले में जांच करने का है ?

संसद कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) दिल्ली मुख्य रेलवे स्टेशन के आर० एम० एस० कार्यालय में पांच पुलिन्दा बांधने वाली मशीनें लगाई गई हैं ।

(ख) प्राप्त होने के तुरन्त बाद मशीनों का इस्तेमाल किया जाने लगा ।

(ग) ये मशीनें संयुक्त राष्ट्र संघ के तकनीकी सहायता के विस्तृत कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राप्त हुई थीं और उन्हें प्राप्त करने में कोई खर्चा नहीं हुआ ।

(घ) और (ङ) प्रश्न ही नहीं उठते ।

संघ राज्य क्षेत्रों के आय व्ययक

5339. श्री हेमराज : क्या **गृह-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि संघ राज्य क्षेत्रों के आय-व्ययक तब पेश किये जाते हैं जबकि केन्द्रीय सरकार का आय-व्ययक पारित हो जाता है;

(ख) वर्ष 1966–67 में विभिन्न संघ राज्य-क्षेत्रों को, राज्य क्षेत्रवार, कुल कितनी राशि के अनुदान तथा ऋण दिये गये थे और 1967–68 में कितनी राशि के अनुदान तथा ऋण दिये जायेंगे; और

(ग) इस बात के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है कि संघ राज्य–क्षेत्र अपने ही संशोधनों से अपने आय तथा व्यय को सन्तुलित करें ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जिन संघ राज्य क्षेत्रों के विधान मन्डल नहीं होते उनके लिये केन्द्रीय आय व्ययक में व्यवस्था की जाती है। अन्य संघ राज्य क्षेत्रों के आय व्ययक सम्बन्धित विधान मण्डलों में सामान्यतः केन्द्रीय आय-व्ययक के संसद में प्रस्तुत किये जाने के तुरन्त बाद प्रस्तुत किये जाते हैं। उन्हें केन्द्रीय सरकार के आय-व्ययक के पारित किये जाने तक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ती।

(ख) विधान मण्डलों वाले संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 1966–67 में दिये गये और 1967–68 के आय-व्ययक में शामिल किये गये अनुदानों तथा ऋणों को बताने वाला एक विवरण संलग्न है। **[पुस्तकालय में रखा गया, देखिये संख्या एल० टी० 1009/67]**

(ग) अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित कार्यों के लिये प्रशासनिक सुधार आयोग ने अभी हाल ही में श्री आर० आर० मोरारका की अध्यक्षता में एक अध्ययन दल बनाया है।

(i) दक्षता के प्रश्न को ध्यान में रखते हुए व्यय में मितव्ययिता प्राप्त करने की दृष्टि से संघ राज्य क्षेत्रों की प्रशासन व्यवस्था की जांच करके सुधारों के बारे में सुझाव देने,

(ii) कर-व्यवस्था के वर्तमान स्वरूप तथा आय के अन्य साधनों का अध्ययन करने तथा आय के साधनों को बढ़ाने की दृष्टि से परिवर्तनों के बारे में सुझाव देने; तथा

(iii) उन सिद्धान्तों के बारे में सिफारिशें करने के लिए जिनसे विधान मण्डलों वाले संघ राज्य क्षेत्रों को आय की कमी पूरा करने तथा उनके पूंजी–व्यय के लिए अनुदानों तथा ऋणों के रूप में दी जाने वाली वित्तीय सहायता के परिमाण का नियन्त्रण होना चाहिये।

अजन्ता की गुफाओं में चौकीदार

5340. श्री अगाड़ी : क्या शिक्षा मन्त्री 24 मई, 1967 के अतारांकित प्रश्न संख्या 215 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अजन्ता की गुफाओं की दिन-रात चौकीदारी करने के लिये कोई चौकीदार या पहरेदार रखे गये हैं;

(ख) यदि हां तो उनकी संख्या क्या है और उनमें से प्रत्येक को कितनी गुफायें सौंपी गई हैं;

(ग) क्या उनमें प्रवेश करने के स्थान पर एक मजबूत द्वार बनाने का कोई प्रस्ताव है; और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) अजन्ता के भित्ती चित्रों तथा गुफाओं की रखवाली के लिये कुल कितने कर्मचारी रखे गये हैं और उनके वेतन का ब्यौरा क्या है ?

शिक्षा मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) जी हां।

(ख) बीस । उनको निम्नलिखित कार्य सौंपे गये हैं:-

1. एक स्मारक परिचर की तैनाती टिकट इकट्ठे करने के लिये प्रवेश द्वार पर की गई है ।

2. आठ स्मारक परिचरों की तैनाती गुफा 1,2 16 और 17 (प्रत्येक में दो-दो) में की गई है ।

3. चार परिचरों को गुफा 4 से 7, 9 से 11, 19 और 24 से 26 की देखभाल करने के लिए तैनात किया गया है ।

4. दो स्मारक परिचर रात्रि-चौकीदार के रूप में कार्य करते हैं ।

5. तीन आमतौर पर साप्ताहिक छुट्टी पर रहते हैं ।

6. साधारणतया दो आकस्मिक छुट्टी, अर्जित छुट्टी और एवजी छुट्टी आदि जसी छुट्टियों पर रहते हैं ।

(ग) गुफा 1 और 16 के प्रवेश द्वारों पर तह हो जाने वाले लोहे के फाटक पहले ही से लगे हुए हैं ।

(ग) निम्नलिखित विवरण के अनुसार पच्चीस

स्मारिक परिचर	20	(70–85	रुपये का वेतन-मान)
प्रवर स्मारक	1	(75–95	रुपये का वेतन-मान)
कैयरटेकर	1	(110–180	रुपये का वेतन-मान)
बुकिंग लिपिक	1	(110–180	रुपये का वेतन-मान)
झाड़ू देने वाला	1	(70–85)	रुपये का वेतन-मान)

काश्मीर सरकार द्वारा प्रयोग में लाये जाने वाले सरकारी लिफाफे

5341. श्री झा० सुन्दरलाल : क्या संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जम्मू तथा काश्मीर सरकार अब भी 'भारत सरकार की सेवा निमित्त' शब्दों की बजाय 'जम्मू तथा काश्मीर सरकार की सेवा निमित्त' शब्दों वाले लिफाफों का प्रयोग कर रही हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या ऐसा किया जा सकता है; और

(ग) यदि नहीं, तो सरकार का इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

संसद कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी हां ।

(ख) भारतीय डाकघर नियमावली, 1933 के नियम 181 के अन्तर्गत सरकारी डाक वस्तुओं का इस्तेमाल करने के लिए प्राधिकृत सरकारी कर्मचारियों द्वारा डाक में डाली गई सरकारी डाक टिकटों पर 'भारत सरकार की सेवार्थ' ये शब्द छपे रहते हैं ।

(ग) इस मामले में जम्मू तथा काश्मीर सरकार से बातचीत चल रही है ।

Hindi Typewriters used in Offices

5342. **Shri Molahu Prasad :**
Shri Rabi Ray :
Shri Maharaj Singh Bharati :
Shri Ram Sewak Yadav :

Will the Minister of **Education** be pleased to state :—

(a) whether it is a fact that many man-hours of work are wasted due to defects in the key-board of latest model of Hindi Typewriters ;

(b) whether the employees working on these machines have lodged complaints ; and

(c) if so, whether Government propose to replace the machines containing new key-board with the machines containing old key-boards ?

The Minister of State in the Ministry of Education (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) and (b) No specific complaint of this nature has been brought to the notice of the Government. Employees accustomed to type on old Hindi typewriters, however, require a little time for adjustment and familiarization when they change over to new typewriters with the revised key-boards. This difficulty is inherent in any change but it can be overcome soon with a little practice.

(c) No Sir. No such proposal is under the consideration of the Education Ministry.

स्कूल के अध्यापकों के वेतन-क्रम

5343 **श्री रवि लिमये :**
श्री मधु राय :
श्री मौलहू प्रसाद :
श्री जे० एच० पटेल :
श्री अर्जुन सिंह भदौरिया :
श्री राम सेवक यादव :
श्री महाराज सिंह भारती :

क्या शिक्षा मंत्री 14 जून, 1967 के तारांकित प्रश्न संख्या 483 और 489 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकारी तथा गैर-सरकारी स्कूलों के अध्यापकों के वेतन क्रमों में असमानता को दूर करने के बारे में कोई निर्णय कर लिया गया है;

(ख) संघ राज्य क्षेत्रों में यह कब क्रियान्वित किया जायेगा ;

(ग) अन्य राज्यों में उनके परामर्श से इसे लागू करने के बारे में कब निर्णय किया जायेगा ;

(घ) इसे कब क्रियान्वित किया जायेगा ; और

(ङ) क्या इस असमानता को दूर करने के लिये राज्यों को कोई अनुदान दिये जायेंगे ?

शिक्षा मन्त्रालय में राज्य-मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) भारत सरकार का हमेशा यह विचार रहा है कि तुलनीय सरकारी और गैर-सरकारी सहायता-प्राप्त स्कूलों के अध्यापकों के वेतन-मानों में असमानता को दूर किया जाना चाहिये ।

(ख) संघीय राज्य क्षेत्रों के सरकारी और गैर सरकारी सहायता-प्राप्त स्कूलों के अध्यापकों के वेतनमानों में कोई असमानता नहीं है ;

(ग) और (घ) : इस बारे में शिक्षा आयोग द्वारा की गई शिफारिशें अब भी विभिन्न राज्य सरकारों के विचाराधीन हैं ।

(ङ) स्कूल अध्यापकों के वेतनमान आदि बढ़ाने में होने वाले खर्च के लिये चौथी आयोजना में कोई व्यवस्था नहीं की गई है, क्योंकि यह फैसला किया गया है कि ऐसे सारे खर्च राज्य सरकारों के आयोजनेत्त संसाधनों से पूरे किये जाने चाहिये ।

Archaeological Survey

5344. **Shri Nathu Ram Ahirwar** : Will the Minister of **Education** be pleased to state :—

(a) the names of places surveyed by the Archaeological Department during the last ten years State-wise ;

(b) the names of places of national, State and local importance respectively out of these surveyed places ; and

(c) the measures taken for security and preservation of these places of archaeological importance ?

The Minister of State in the Ministry of Education (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) The number of villages surveyed during the last 10 years runs into thousands. It is therefore, not possible, to list them. However, a statement is appended showing the names of the districts fully surveyed and those still under systematic investigation. **[Placed in Library See. No. LT-1010/67]**

(b) The data-forms in respect of villages surveyed are under examination. Thereafter, the sites will be assessed according to their importance, national, state or local,

(c) Does not arise at the present time.

Central Hindi Directorate

5345. **Shri Sheopujan Shastri** :
Shri Molahu Prasad :

Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) the number of Chief Editors at present in the Central Hindi Directorate, their pay scales and duties ;

(b) when the said posts were created and their utility as decided at the time of creation of the posts and their utility now ;

(c) whether the work assigned to the persons appointed to the said posts is the same as assigned to the Deputy Directors; and

(d) if so, whether in view of the present economic crisis, Government would consider the desirability of converting the said posts of the Chief Editors to those of Deputy Directors ; if not, the reasons therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Education (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) and (b) There is only one post of General Editor in the Central Hindi Directorate sn the scale of pay of Rs. 1100-50-1400. This post was created in 1963 in connection with the implementation of the scheme relating to preparation and publication of standard works of University level. In 1965 this scheme was transfered to the Commission for Scientific aod Technical Terminology. At present the General Editor is looking after the implementation of schemes relating to development and enrichment of Hindi,

(c) No, Sir.

(d) The question does not arise. It may however, be pointed out that the staff Inspection Unit of the Ministry of Finance was asked to undertake a work measurement study of the Central Hindi Directorate, with a view to determining the strength of the various categories of staff on the basis of existing work load. This unit found the post of General Editor as essential and recommended its continuance. The recommendations of the Staff Inspection Unit in this behalf have been accepted by the Gcvernment.

Assistant Directors of the Central Hindl Directorate

5346. **Shri Sheaeayan Shastri :**
Shri Molahu Prasad :

Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) the total number of Assistant Directors in the Central Hindi Directorate at present and the duties assigned to them ; and

(b) the magnitude of translated material revised by these Assistant Directors during the last six months ?

The Minister of State in the Ministry of Education (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) There are at present three Assistant Directors in the Kendriya Hindi Nideshalya and the following duties have been assigned to them :

1st Assistant Director - Implementation of Hindi Propagation Programmes in non-Hindi speaking States.

2nd Assistant Director - Preparation of enlarged edition of Hindi-English Dictionary of common words and other bilingual dictionaries.

3rd Assistant Director - Supervision and Vetting of Hindi translation work.

(b) During the last six months about 5000-pages of manuals, etc. and more than 1,000 forms of translated material were vetted.

प्रादेशिक अनुसन्धान प्रयोगशाला, हैदराबाद

5347 **श्री पहाड़िया** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रादेशिक अनुसन्धान प्रयोगशाला हैदराबाद, हैदराबाद नगर को गैस सप्लाई करने के लिये एक बड़ा कारखाना स्थापित कर रहा है ;

(ख) यदि हां, तो इस परियोजना पर कितना खर्च आयेगा और इस वर्ष कितना धन मंजूर किया गया है ; और

(ग) क्या परियोजना प्रतिवेदन की एक प्रति यदि तैयार की गई है तो क्या सभा-पटल पर रखी जायेगी ?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) प्रादेशिक अनुसंधान प्रयोगशाला, हैदराबाद गैर-कोककर कोयले की गैस की 1,000 घन मीटर प्रति घंटे के हिसाब से पूरी तरह से गैसीकरण के लिए एक मार्गदर्शी संयंत्र (प्लांट) स्थापित कर रही है । इस गैस का इस्तेमाल औद्योगिक अथवा घरेलू कामों के लिए किया जा सकेगा ।

(ख) प्रयोगशाला ने प्लांट के खर्च का तखमीना इस प्रकार लगाया है :—

पूंजीगत खर्च	107.00 लाख रुपये
छः वर्ष की अवधि के लिए आवर्ती खर्च (1967-68 से 1972-73 तक)	82.20 लाख रुपये
जोड़	189.20 लाख रुपये

गैस के वितरण के लिए 85.90 लाख रुपये का अतिरिक्त निवेश लगाना पड़ सकता है ।

इस वर्ष के दौरान संयंत्र के लिए स्वीकृति की जाने वाली रकम विचाराधीन है ।

(ग) प्रयोगशाला ने कोई प्रयोजना रिपोर्ट तैयार नहीं की है ।

C. I. A. Money for Indian News Papers

5348. **Shri Ram Singh Ayarwal** : **Shri Y. S. Kushwaha** :
Shri Hukam Chand Kachwai : **Shri Onkar Lal Berwa** :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that some of the Indian newspapers are receiving money from C. I. A. ;

(b) if so, the action taken by Government in regard thereto ; and

(c) the names of the newspapers which are in receipt of the American money as per the official information ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla): (a) to (c): The Intelligence Bureau had been asked to make inquiries into the use of foreign funds in the recent elections and for other purposes. A report has been received from the Intelligence Bureau and the same is being examined carefully. Government will take some time to formulate their conclusions on the report and to decide whether any further inquires are necessary.

Teachers in Central Educational Institutions

5349. Shri Ram Charan :
Shri Ramji Ram :

Will the Minister of Education be pleased to state :

(a) the number of posts of teachers created in the Central educational institutions during the last five years ; and

(b) the number of posts out of them filled in by candidates belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes ?

The Minister of State in the Ministry of Education (Shri Bhagwat Jha Azad): (a) and (b) The information is being collected and will be placed on the Table of the Sabha in due course.

S. C. and S. T. in Central Police Department

5350. Shri Ram Charan :
Shri Ramji Ram :

Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) the number of Scheduled Castes and Scheduled Tribes candidates recruited to Class III and Class IV services in the Central Police Department ; and

(b) the percentage of shortage on the basis of reserved seats and whether steps are being taken to meet that shortage ?

The Minister of Home Affairs (Shri Y. B. Chavan): (a) and (b): Information is being collected and will be furnished on receipt.

Hindi Teaching Schemes

5351. Shri Ram Charan :
Shri Ramji Ram :

Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) the total number of teachers under the Hindi Teaching Scheme in the Ministry of Home Affairs ;

(b) the number of those belonging to the Scheduled Castes and Schedulee Tribes amongst them ; and

(c) if the percentage is not full, the measures adopted to fill in the reserved seats ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) :
(a) 208

(b) 16

(c) Unfilled reserved vacancies are carried forward to subsequent years of recruitment subject to conditions laid down in the instructions in force.

Admission of S. C. Students in Educational Institutes

5352. **Shri Ramji Ram :**
Shri Ram Charan :

Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) whether it is is a fact that some restrictions have been imposed on the admission of the Scheduled Caste and Scheduled Tribe students into the Educational Institutes, Technical Education Institutes, Colleges and Universities ; and

(b) whether their poverty, division, less marks and fixed quota stand in their way of admission ?

The Minister of Education (Dr. Triguna Sen) : (a) Government are not aware of any such restrictions having been imposed by any State Government or University.

(b) Admissions to educational institutions are generally made on the basis of merit and suitability, poverty having no direct bearing on them. Fixed quota or reservation of seats for Sheduled Caste and Scheduled Tribe students are designed to facilitate and not hinder admissions. 'Division' or 'less marks' will be in the way only if they fall below the minimum performance prescribed for the purpose.

Unemployed S. C. and S. T. Persons in U. P.

5353. **Shri Ramji Ram :**
Shri Ram Charan :

Will the Minister of **Labour and Rehabilitation** be pleased to state :

(a) the number of Scheduled Castes and Scheduled Tribes candidates registered in various Employment Exchanges in U. P. upto 30th April, 1967 ; and

(b) the number of those out of them who were offered employment by the end of April, 1967 ?

The Minister of Labour and Rehabilitation (Shri Hathi) : (a) and (b) : The information is collected at half yearly intervals relating to June and December. Latest figures are given below :

Category of Applicants :	Number of registrations effected during January December, 1966.	Number of placements effected during January to December, 1966.
1	2	3
Scheduled Castes	1,01,407	12,160
Scheduled Tribes	100	12

सम्बध कालेजों के पुस्तकाध्यक्षों के वेतनमान बढ़ाना

5354 **श्री ही० ना० मुकर्जी** : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले वर्ष विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सम्बध कालेजों के अध्यापकों के लिये अपने वेतनमानों में वृद्धि की थी परन्तु सम्बध कालेजों के पुस्तकाध्यक्षों के वेतनक्रम नहीं बढ़ाये थे ; और

(ख) यदि हां, तो क्या उनके वेतनमानों में वृद्धि की जावेगी ?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) और (ख) अप्रैल 1966 में, विश्व-विद्यालय तथा कालिज के अध्यापकों के लिये ऊंचे वेतनक्रमों के सम्बन्ध में भारत सरकार ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की शिफारिशें स्वीकार की थी । नवम्बर, 1966 में आयोग ने शिफारिश की कि इस योजना के अन्दर विश्वविद्यालयों और कालेजों में काम करने वाले पुस्तकाध्यक्षों को भी शामिल कर लिया जाना चाहिये यह सिफारिश विचाराधीन है ।

विदेशी भाषा-संस्थायें

5355. **श्री समर गुह** : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विदेशी भाषाओं के अध्ययन सम्बन्धी संस्थाओं की स्थापना करने बारे में कोई सामान्य नीति अपनाई है ;

(ख) ऐसी कितनी संस्थायें पहले ही स्थापित की जा चुकी हैं और कितनी सरकार के विचाराधीन हैं ;

(ग) क्या ऐसी संस्थाओ की योजनायें मंजूर करने के लिये कोई सिद्धान्त निर्धारित किये गए हैं जैसे कि कुछ भाषाओं को प्राथमिकता दी जाये ; और

(घ) क्या ऐसी संस्थायें सम्बन्धित देशों के सहयोग से स्थापित की जाती हैं और यदि हां, तो क्या इनका वित्त-पोषण सहयोग करने वाले देशों द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है ?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) से (घ) उच्चतर शिक्षा के विकास और अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग तथा सूझबूझ को बढ़ावा देने के लिये सरकार विदेशी भाषाओं के अध्ययन को मान्यता देती है ।

दो संस्थान पहले से ही स्थापित कर दिये गये हैं—(एक) विदेशी भाषा स्कूल और (दो) रूसी अध्ययन संस्थान जो कि रूस सरकार के सहयोग से स्थापित किया गया है । भाषा आयोग ने कुछ अन्य भाषाओं में भी रूसी अध्ययन संस्थान के तरीके पर संस्थान स्थापित करने की सिफारिश की है । फ्रांसीसी भाषा अध्ययन संस्थान स्थापित करने का एक प्रस्ताव इस समय विचाराधीन है ।

ऐसे संस्थानों की स्थापना के प्रस्तावों पर, उनके अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के आधार पर विचार किया जाता है ।

रूस सरकार ने रूसी अध्ययन संस्थान के लिये कुछ पुस्तकें और प्रयोगशाला उपकरण भेंट किये हैं और कुछ रूसी अध्यापकों की सेवाएं भी प्रदान की हैं । शेष व्यय भारत सरकार द्वारा वहन किया जाता है ।

रूसी भाषा अध्ययन संबंधी संस्था

*5365. **श्री समर गुहः** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रूसी भाषा के अध्ययन के लिये संस्था की स्थापना ऐसे ही किसी भाषा को प्राथमिकता देने के सिद्धान्त के अनुसार की गई है ;

(ख) क्या रूसी भाषा के अध्ययन की संस्था का वित्त-पोषण भारत और रूस द्वारा मिल कर किया जाता है ; और

(ग) क्या रूसी भाषा-संस्था शिक्षकों का चुनाव नियमित विज्ञापनों के आधार पर किया गया है ।

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) विज्ञान तथा तकनोलोजी के लिये और अन्तर्राष्ट्रीय मामलों में रूसी भाषा के महत्व को ध्यान में रखते हुए रूसी भाषा अध्ययन संस्थान स्थापित किया गया है ।

(ख) रूस सरकार ने कुछ पुस्तकें और प्रयोगशाला के उपकरण भेंट किये हैं और रूसी अध्यापकों की सेवाएं भी प्रदान कर रही है । संस्थान का दोष व्यय भारत सरकार द्वारा वहन किया जाता है ।

(ग) जी हां ।

Stadium at Burhanpur

5357. **Shri G. C. Dixit :** Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) whether the Madhya Pradesh Government and the local sports and games organisations have requested for grants to construct a stadium at Burhanpur and whether the Centre have already given some grants ;

(b) if so, the amount of the grants given ; and

(c) the nature of action taken so far for constructing this stadium ?

The Minister of State in the Ministry of Education (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) An advance copy of the Society's application from Burhanpur has been received but the formal application with the recommendation of the State Government has not so far been received.

(b) and (c) Do not arise

Aid to Libraries in Madhya Pradesh

5358 **Shri G, C. Dixit** : Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) the names of the Public libraries and School and College libraries in the State of Madhya Pradesh which have received financial assistance from the Centre during 1966-67 ; and

(b) the amount proposed to be alloted for this purpose during 1967-68 ?

The Minister of State in the Ministry of Education (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) The following libraries in the State of Madhya Pradesh received grants from the Centre during 1966-67 :—

1. R. K. Sewa Samiti, Raipur.
2. Madhav Pustakalya, Gwalior.
3. Maulana Azad College of Technology, Bhopal.
4. Madhav Engineering College, P. O. Residency, Gwalior.
5. Shri Govindram Saksaria Technological Institute, Indore.

(b) Grants for this purpose are not given on State basis but on the merit of each case after it is recommended by the State Government.

Pak Citizens in India

5360. **Shri Ramchandra Veerappa** : Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) the number of Pakistani citizens in India at present ;

(b) their number in Delhi, Uttar Pradesh, Andhra and Mysore ;

(c) whether some of them are living here without permit ; and

(d) if so, the number thereof ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) :

(a) According to information so far received, Pakistani citizens, as on the 30th June, 1967, were 2701 in the States of Andhra Pradesh, Delhi, Tripura, Manipur, Pondicherry and Chandigarh. There are no Pakistani nationals in Andaman and Nicobar Islands, L. M. and A. Islands, Dadra and Nagar Haveli and NEFA.

(b) Delhi : 984

Andhra Pradesh : 314

Information in respect of Mysore and Uttar Pradesh is not yet available.

(c) Yes.

(d) 14 in Andhra Pradesh, and none in Delhi.

The information in respect of other States will be laid on the Table of the House as soon as it is available.

दिल्ली में राजस्व अधिकारी

5361 श्री नीतिराज सिंह चौधरी :
श्री गं० च० दीक्षित :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली प्रशासन में ऐसे कितने राजपत्रित राजस्व अधिकारी हैं जो स्थानीय संवर्ग के नहीं हैं ।

(ख) वे कितने समय से प्रतिनियुक्ति पर काम कर रहे हैं ;

(ग) उनमें से कितने अधिकारी गत चार वर्षों से अधिक समय से उन्हीं पदों पर काम कर रहे हैं तथा उनको लगातार इतने लम्बे अर्से तक उन्हीं पदों पर तैनात करने के क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) से (ग) एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है । **[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 1011-67]**

दिल्ली में तहसीलदार

5362 श्री नीतिराज सिंह चौधरी :
श्री गं० च० दीक्षित :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली प्रशासन में ऐसे तहसीलदारों की संख्या कितनी है जो मैट्रिक पास नहीं हैं ;

(ख) उनमें से कितने तहसीलदारों को पटवारी के पद से पदोन्नत किया गया है ;

(ग) उनमें से कितने तहसीलदारों ने विभागीय परीक्षा पास की थी ;

(घ) क्या उनमें कुछ तहसीलदार स्थानीय भूमिधारी हैं जिनकी भूमि दिल्ली प्रशासन क्षेत्र में हैं ;

(ङ) उनमें से कितने तहसीलदारों को पटवारी से भिन्न अन्य पदों पर स्थायी किया गया ; और

(च) यदि नहीं, तो ऐसी पदोन्नति करने के क्या कारण हैं जबकि अधिक अर्हता-वाले अधीनस्थ कर्मचारी उपलब्ध हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) तीन ।

(ख) तीन ।

(ग) नायब तहसीलदार या तहसीलदार के लिए अभी कोई विभागीय परीक्षा नहीं ली गई ।

(घ) उनमें से एक परिवार की संयुक्त खेती में भूमिदार है ।

(ङ) शून्य ।

(च) पदोन्नतियां 1965 में बनाये गये भरती नियमों के अनुसार की गई है ।

असैनिक कर्मचारियों की भर्ती

5363 **श्री ओंकार लाल बेरवा :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1966-67 में कितने नये असैनिक कर्मचारी भर्ती किये गये ; और

(ख) 1 अप्रैल, 1967 को कुल कितने सरकारी कर्मचारी थे ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) और (ख) सूचना एकत्रित की जा रही है और यथाशीघ्र ही सभा-पटल पर रख दी जायगी ।

Financial Assistance to Goa Territory

5364. **Shri Onkar Lal Berwa :** Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Government of Goa have approached the Central Government for some financial assistance ;

(b) if so, the amount asked for ; and

(c) the reaction of Government thereto ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charn Shukla) :

(a) Yes ; Sir.

(b) In their budget proposals for 1967-68, the Government of Goa, Daman and Diu made provision for a gross Revenue expenditure of Rs. 12.90 crores and a gross Capital (including loans) expenditure of Rs. 11.07 crores. After taking into account the Territory's revenue receipts and other recoveries in reduction of expenditure, these proposals envisaged a grant-in aid of 8,06 crores and a loan of Rs. 6.46 crores by the Central Government.

(c) After examination in detail of the budget proposals and having regard to the financial resources of the Central Government, provision was made in the Central budget for Rs. 5.55 crores as grants-in-aid and Rs. 4.54 crores as loans in the interim budget presented to Parliament in March 1967. Subsequently, in the light of the changed financial resources position, provision was made in the budget presented in May 1967 for additional loans to the extent of Rs. one crore to Goa during 1967-68. The financial assistance proposed to be given to this Territory during 1967-68 is thus Rs. 5.55 crores as grants and Rs. 5.54 crores as loans.

Lunkaranser Telephone Exchange

5365. **Shri P. L. Barupal :** Will the Minister of **Communications** be pleased to state ;

(a) whether it is fact that a telephone exchange with a capacity of ten lines was installed at Lunkaranser town of Bikaner (Rajasthan), some six months back ;

(b) whether it is also a fact that the traders and the Administrative Offices who submitted their applications for telephone connections through S. D. O. (Phones), Bikaner six months back, have not been provided with telephones ; and

(c) if so, the reasons there for ?

The Minister of State in the Departments of Parliamentary Affairs and Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) Yes, Sir.

(b) Yes, Sir.

(c) Connections could not be provided due to acute shortage of magneto instruments. However, it is programmed to instal a 25-line small automatic exchange. The work is likely to take about six months.

हिमाचल प्रदेश में विश्वविद्यालय

5366 श्री हेमराज :
श्री प्रताप सिंह :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिमाचल प्रदेश सरकार ने केन्द्रीय सरकार तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से हिमाचल प्रदेश में एक विश्वविद्यालय स्थापित करने का अनुरोध किया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में क्या निर्णय किया गया है ?

शिक्षा मन्त्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) जी हां ।

(ख) विषय विचारधीन है ।

तेल कम्पनियों के कर्मचारियों को समय से पूर्व सेवानिवृत्त करने की योजना

5367. श्री वीरेन्द्र कुमार शाह : क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री विदेशी तेल कम्पनियों के कर्मचारियों की संख्या कम करने के प्रस्ताव के बारे में 15 जून, 1967 के तारांकित प्रश्न संख्या 514 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत में विदेशी तेल कम्पनियों का कर्मचारियों को समय से पूर्व सेवानिवृत करने की योजना के बारे में शिकायत के प्रश्न पर विचार करने के लिये इस बीच जांच आयोग नियुक्त कर लिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इस आयोग के सदस्य कौन-कौन हैं तथा उनके निर्देश पद क्या हैं ?

श्रम तथा पुनर्वास मन्त्री (श्री हाथी) : (क) जी हां ।

(ख) जांच आयोग अधिनियम, 1952 के अन्तर्गत न्यायाधिपति श्री बी० एन० गोखले को एक सदस्यीय आयोग के रूप में नियुक्त किया गया है। इस आयोग के विचारार्थ विषय लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 4670, दिनांक 5 जुलाई, 1967 के उत्तर में संलग्न विवरण में उल्लिखित हैं।

बिहार में डाकघर

5368 **श्री बाल्मीकि चौधरी :**
श्री शिव चण्डिका प्रसाद :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार में कितने डाकघरों के नाम उनके वास्तविक स्थानों के नामों के अनुसार नहीं हैं; और

(ख) इसके क्या कारण हैं ?

संसद-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य-मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) उनतीस।

(ख) ये डाकघर बहुत पहले खोले गये थे और चूंकि जनता उनके नाम की अभ्यस्त हो गई है, इसलिए उनके नाम नहीं बदले गए।

रोजगार दिलाऊ दफ्तरों में पंजीबद्ध लोग

5369 **श्री नीतिराज सिंह चौधरी :** क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1965-66 और 1966-67 में विभिन्न राज्यों में रोजगार दिलाऊ दफ्तरों में पृथक पृथक कुल कितने लोगों के नाम पंजीबद्ध थे ;

(ख) उनमें से कितने लोगों को उपरोक्त अवधि में राज्यवार रोजगार दिलाया गया ; और

(ग) प्रति वर्ष औसतन कितने लोगों के नाम पंजीबद्ध होते हैं ?

श्रम तथा पुनर्वास मन्त्री (श्री हाथी) : (क) और (ख), जानकारी देने वाला विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ' **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 1012/67]**

(ग) पिछले पांच वर्षों में औसतन 39,31,471 लोगों ने अपने नाम दर्ज कराए थे।

नेशनल राइफल एसोसिएशन आफ इण्डिया का लेखा-परीक्षा प्रतिवेदन

5370 **श्री कंवर लाल गुप्त :** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लेखा परीक्षकों द्वारा पेश किये गये 1965-66 के वार्षिक प्रतिवेदन के अनुसार नेशनल राइफल एसोसिएशन आफ इण्डिया के खातों में 50,000 रुपये का गबन पाया गया था ;

(ख) क्या यह सच है कि गबन की गई राशि में से 25,000 रुपये वसूल हो गये थे ;

(ग) क्या यह भी सच है कि दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई ; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) जी नहीं । सम्बन्धित रकम 20,969.65 रुपये थी ।

(ख) सारी रकम (20,969.65 रुपये वसूल कर ली गई है ।

(ग) जी नहीं । वास्तव में वसूली सम्बन्धित लेखाकार से की गई थी और उसे नेशनल राइफल एसोसिएशन आफ इण्डिया की सेवा से मुक्त कर दिया गया है ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय

5371 **श्री कामेश्वर सिंह :** **श्री श्रीधरन :**
श्री निहाल सिंह : **श्री जे० एच० पटेल :**
श्री श्रीचन्द गोयल : **श्री क० मि० मधुकर :**

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय के कुछ अधिकारी धन लेकर अनेक प्रतिवेदनों आदि का अनुवाद कर रहे हैं, और जब निदेशालय को सरकारी तौर पर कागज भेजे जाते हैं तो निदेशालय द्वारा उनका अनुवाद करने से इन्कार कर दिया जाता है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि अनुवाद का यह कार्य केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय तथा वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के कुछ अधिकारियों की पत्नियों को भी दिया जा रहा है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि यह तरीका अपनाये जाने के परिणामस्वरूप केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय में कार्य-भार कम हो गया है और कुछ पद समाप्त अथवा कम कर दिये गये हैं ; और

(घ) यदि हां, तो इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य-मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) और (ख) केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय की जिम्मेदारी केवल कार्यालय नियमावलियों, फार्म और इसी प्रकार की विधीतर कार्यालय पद्धति साहित्य का हिन्दी में अनुवाद करने की है । पहले निदेशालय अन्य

मंत्रालयों और प्रभागों के विशेष आग्रह पर उनकी रिपोर्टों को भी हिन्दी में अनुवाद कर दिया करता था। लेकिन इसके फलस्वरूप निदेशालय का स्वयं का अनुवाद कार्य काफी बकाया में पड़ गया। अतः निदेशालय को आदेश दिया गया कि वह अन्य मंत्रालयों से अनुवाद का काम न ले और उनसे कहे कि वह अपना अनुवाद-कार्य अपने हिन्दी-अधिकारियों से करायें। उनको सहायता देने के लिए केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय उपयुक्त अनुवादकों की सूची रखता है और जब कभी किसी विभाग से पारिश्रमिक देकर अपनी रिपोर्टों को हिन्दी में अनुवाद कराने के लिए अच्छे नामों की सिफारिश मांगी जाती है तो उपर्युक्त सूची में से उपयुक्त नाम सुझा दिये जाते हैं, जिनको कि वे विभाग सीधे ही काम सौंप दिये जाते हैं। कुछ मामलों में सक्षम अधिकारी की पूर्व-अनुमति से केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय के अधिकारियों को कार्यालय से बाहर के समय में पारिश्रमिक लेकर अनुवाद करने की अनुमति दी गई है। एक मामला ऐसा भी है, जिसमें शब्दावली आयोग के एक अधिकारी की पत्नी को जिसका नाम अनुवादों की सूची में सम्मिलित है, एक विभाग द्वारा अनुवाद-कार्य सौंपा गया था।

(ग) जी नहीं। क्योंकि ऐसे अनुवाद-कार्य करने की सामान्य जिम्मेदारी निदेशालय की नहीं है।

(घ) यह प्रश्न नहीं उठता।

Pak. Intrusion in Garo Hills

5372. Shri Madhu Limaye :
Shri Kameshwar Singh :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that 25 armed Pakistanis entered a village in Gandhibar area of Garo Hills on the 16th June, 1967;

(b) whether it is also a fact that they made every effort to forcibly lift the cattle of the village but fled away on the noise made by the villagers;

(c) whether such type of incidents have occurred in this area previously also during this year; and

(d) if so, the steps taken to check these incidents ?

श्री द० प० चटर्जी (कृष्णनगर) : तृतीय पंचवर्षीय योजना के दौरान कुल आयात 10, 33 करोड़ रुपये का था जिसमें से पी० एल० 480 के अन्तर्गत आयात 43, 1 करोड़ रुपये का था । हमें चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के दौरान 12 करोड़ टन खाद्यान की और आवश्यकता होगी परन्तु हम कृषि के साथ उपेक्षा का व्यवहार कर रहे हैं । तृतीय पंचवर्षीय योजना में कृषि पर बल दिया गया था परन्तु यह सारी योजना कागजी योजना ही रही है ।

1964 में हमारी राष्ट्रीय आय 16, 630 करोड़ रुपये थी । इसका लगभग आधा भाग हमें कृषि से मिलता है । फिर भी हम केवल इसका 10 प्रतिशत ही कृषि पर व्यय करते हैं । इस तरह हम जहां तक्नीकी शिक्षा पर 120 करोड़ रपये व्यय करते हैं, वहां कृषि शिक्षा पर 30 करोड़ रुपये ही व्यय किये जाते हैं ।

सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के लिये हमने ग्रामों में ऐसे व्यक्तियों को नियुक्त किया है, जो कृषि के बारे में कुछ नहीं जानते । वे कृषिकों को कोई राय नहीं दे सकते हैं ।

चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में 12 करोड़ टन खाद्यान के उत्पादन के लिये हमें सघन कृषि आरम्भ करनी होगी क्योंकि और अधिक भूमी कृषि योग्य बनाने की गुंजाइश नहीं है । भूतपूर्व खाद्य मंत्री श्री पाटिल ने यह माना था कि और अधिक भूमी को कृषि योग्य बनाने की बजाय हमें अपने जंगलों के क्षेत्र का विस्तार करना होगा ताकि कृषि की स्थिति सुदृढ़ बनाई जा सके । परन्तु आंकड़ें देखने से हमें मालुम होता है कि कृषि के अधीन हमारे क्षेत्र में वृद्धि होती चली जा रही हैं तथा जंगल कम होते चले जा रहे हैं । जंगलों को कटाना एक बिनाशकारी काम है जिसे रोका जाना चाहिये । इससे भूमी का कटाव बढ़ता है और जल की कमी होती है । हमारे देश में पहले ही बनों का क्षेत्र समूचे विश्व में सब से कम है ।

शिवालिक की पहाड़ियों की तलहटी में होशियारपुर जिले में बन काट दिये गये हैं। इसी प्रकार और बहुत से स्थानों में ऐसा किया जा रहा है । बन कृषि के लिये बहुत महत्वपूर्ण हैं । सघन कृषि के लिये प्रथम आवश्यकता सिंचाई की है परन्तु हमारी सिंचाई क्षमता तेजी से कम होती जा रही है । बिजली सिंचाई आदि को मिला कर भी नदी घाटी परियोजनाओं

के बारे में परिव्यय की राशि 3, 000 करोड़ रुपये है। वन क.टने से उन सभी को खतरा उत्पन्न हो गया है। माकड़ा बांध के बारे में अनुमान है कि उसमें 67 प्रतिशत रेत पहले अनुमान से अधिक है। इसलिये इस बारे में कुछ किया जाना चाहिये। सिंच.ई के लिये नये बांध बनाने का कोई लाभ नहीं है जब तक कि हम रेत के जमाव और भूमी के कटाव को नहीं रोक सकते ? भूमी कटाव स्थिर नहीं रहता है। बदलता रहता है। वृक्ष ही हमारी रक्षा की पहली पंक्ति हैं।

हमारी 25 नदी घाटी योजनायें हैं और उनका अपवाह क्षेत्र (catchment area) 3 ल.ख वर्ग मील है। विशेषज्ञों का यह मत है कि हमें अपवाह क्षेत्र के 10 प्रतिशत क्षेत्र में बन शीघ्र लगाने चाहिये, अन्यथा हमारे मूल्यवान बांध टूट जायेंगे। सरकार को इस महत्वपूर्ण मामले पर ध्यान देना चाहिये तथा आवश्यक कार्यवाही करनी चाहिये। दामोदर घाटी निगम टेनेन्सी घाटी योजना पर आधारित है, जिसके 54 प्रतिशत क्षेत्र में वन लगाये गये हैं। तब भी उनका विचार है कि वर्तमान वन पर्याप्त नहीं हैं और अभी ओर वन लगाने की आवश्यकता है।

हम विश्व की प्रति एकड़ औसत उर्वरक की खपत की तुलना में 1/7 उर्वरक का उपभोग कर रहे हैं। यह बहुत कम है परन्तु बहुत अधिक उर्वरक का उपयोग भी ठीक नहीं है। लोगों को खाद के प्रयोग के बारे में सही ढंग की जानकारी होनी चाहिये।

भारत में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी यह समझते हैं कि वे सभी विषयों पर सब कुछ जानते हैं परन्तु उनका तथा भारतीय सिविल सेवा के अधिकारियों का कृषि के क्षेत्र में कोई लाभ नहीं है। यह अधिक अच्छा होगा कि इस क्षेत्र में तकनीकी जानकारी रखने वाले लोगों की नियुक्ति की जाये और भारतीय कृषि सेवा की स्थापना की जाये।

पशुओं से हमें 40 करोड़ मीट्रिक टन खाद प्राप्त होता है। हम गोबर की कोई परवाह नहीं करते हैं। हमें ग्रामों को कोयला तथा बिजली का सम्भरण करके गोबर को खाद के लिये बचाना चाहिये। हमें खाद्य तथा कृषि की समस्या पर दलों से ऊपर उठ कर विचार करना चाहिये और उपज बढ़ाने के लिये यथासम्भव अधिक प्रयत्न करने चाहिये।

खण्ड प्रतिबन्ध हटाये जाने चाहियें। यह खण्ड प्रणाली भ्रष्टाचार का एक साधन बन गई। इससे देश को कोई लाभ नहीं है। यह देश एक है इसका इस प्रकार खण्डों में विभाजन नहीं होना चाहिये।

Shri V. N. Jadhav (Jalna) : I support the Demands of the Ministry of Food and Agriculture. Importance of agriculture was realised after independence and emphasis was also laid on the food production during the First Five Year Plan. During the Second Five Year Plan emphasis was shifted from agriculture to industry. However some attention was again paid to the agriculture in the Third Five Year Plan but not to the extent required. We failed to keep pace with the growing poulation and as a result thereof we are now deficit in food grains.

So far as research is concerned very little work has been done in this field. There is scope for more research. It has become all the more necessary in view of the fact that a big portion of our food grains is destroyed by the rodents. The Government have failed to take necessary steps to annihilate the rodents and parts that destroy the crops.

Exhibitions should be organised to train the farmers in the modern methods of agriculture and mechanised farms.

Arrangements should also be made to supply seeds, inputs etc. to the farmers in time. If possible, a number of Multi-purpose Institutions on the lined of Israel should be setup throughout the country to help and guide the farmers.

I have been told that the Central Government propose to set up a agriculture University in Maharashtra. I would request that the proposed University may be set up in the Marathvadra,

श्रीमती मोहिन्दर कौर (पटियाला) : मैं मंत्रालय की मांगों का समर्थन करता हूं ।

विरोधी दलों द्वारा दिये गये कटौती प्रस्तावों से स्थिति की गम्भीरता का पता लगता है । अनाज में आत्म-निर्भरता प्राप्त करने का विषय देश के लिए अत्यधिक महत्व का विषय है । हाल ही में हुए मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन में कुछ व्यवहारिक सुझाव दिये गये थे । उनको सरकार द्वारा कार्यान्वित किया जाना चाहिए ।

श्री नारायण रेड्डी (निजामाबाद): इस समय सभा में न तो मंत्रिमण्डल के स्तर का और न ही कोई राज्यमंत्री उपस्थित है ।

संसद-कार्य विभाग में उप-मन्त्री (श्री रोहनलाल चतुर्वेदी) : वे पांच अथवा छः मिनट में आ जायेंगे ।

श्रीमती मोहिन्दर कौर : उन सुझावों में एक सुझाव यह भी था कि किसानों को ऋण देने सम्बन्धी व्यवस्था को सरल बनाया जाये । वर्तमान व्यवस्था बहुत जटिल है तथा किसानों को ऋण प्राप्त करने में छः महीने से एक वर्ष तक का समय लग जाता है ।

मैं नहीं जानती कि कृषि तथा उद्योग सम्बन्धी ऋणों में विभेद क्यों किया जाता है । पंजाब में कृषि सम्बन्धी ऋणों पर 9 से 12 प्रतिशत तक ब्याज लिया जाता है जबकि उद्योग सम्बन्धी ऋणों पर केवल 3 प्रतिशत ब्याज ही लिया जाता है । यह एक अनुचित बात है और इस विभेद को दूर करने के लिये कार्यवाही की जानी चाहिए ।

हम अधिक उपज वाली फसलों की बुवाई करना चाहते हैं और इसके लिए सिंचाई एक महत्वपूर्ण अंग है । गत तीन पंच-वर्षीय योजनाओं में सिंचाई की छोटी योजनाओं पर 700 करोड़ रुपये व्यय किये गये थे । मैं इस बात पर जोर देना चाहती हूं कि सिंचाई की छोटी परियोजना के लिये वर्तमान आय व्ययक में रखी गई धनराशि में 50 प्रतिशत की वृद्धि की जानी चाहिए ।

कानून द्वारा निर्धारित की गई भूमि से अधिक भूमि रखने वाले व्यक्ति का एक विशेष दृष्टिकोण होता है । वह भूमि में कुछ डाले बिना अधिक से अधिक उपज करना चाहता है । यदि भूमि में आवश्यक खाद बीज आदि नहीं डाले जाते तो भूमि से अच्छा उत्पादन नहीं होगा । कृषि में उत्पादन की वर्तमान स्थिरता का यह एक मुख्य कारण है ।

भूमि की छोटे छोटे टुकड़ों में बांटने की प्रथा को समाप्त किया जाना चाहिए । यदि इस ओर उचित ध्यान नहीं दिया जाता तो एक समय ऐसा आयेगा जबकि समूचे देश में भूमि अलाभप्रद टुकड़ों में बट जायेगी । भूमि सुधार नीति को भी शीघ्रता से कार्यान्वित किया किया जाना चाहिए । भूमिहीन किसानों को भूमि देते समय इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि उनको कम से कम इतनी भूमि मिले जिससे उनके परिवार का जीवन निर्वाह हो सके । इस सम्बन्ध में मैं यह भी कहना चाहती हूं कि कृषि में रुचि रखने वाले लोगों को ही भूमि दी जानी चाहिए ।

खाद्य-क्षेत्रों को समाप्त किया जाना चाहिए । पंजाब के बाजारों में गेहूं के भण्डार हैं परन्तु व्यापारी अपने भण्डारों को हरियाना तथा उत्तर-प्रदेश में नहीं भेज सकते । खाद्य-निगम को भी सीधे बाजार से अनाज खरीदने की अनुमति नहीं है । पंजाब में गेहूं की वसूली के लिए निर्धारित किये गए मूल्य मोटे अनाज के मूल्यों से भी कम है । इसका परिणाम यह हुआ है कि पंजाब में गेहूं पशुओं को दिया जा रहा है जबकि देश के अन्य भागों में अकाल की स्थिति है । अतः मैं मन्त्री महोदय से निवेदन करूंगी कि वह क्षेत्रीय प्रतिबन्धों को हटाने के बारे में गम्भीरता से विचार करें ।

अवमूल्यन के पश्चात उर्वरक के मूल्यों में 25 प्रतिशत वृद्धि हुई है । सरकार ने भी इस मामले में राज्य सहायता देना बन्द कर दिया है । इस बारे में समूची नीति का पुनर्विलोकन किया जाना चाहिए तथा उर्वरक के मूल्यों को कम किया जाना चाहिए ।

Shri Bhogendra Jha (Jainagar): I rise to oppose these demands tooth and nail. The Government is following a policy which will ultimately deprive the small farmers of their holdings and the land will be concentrated in few hands.

{ **श्रीमति लक्ष्मीकान्तम्मा पीठासीन हुई**
Shrimati Laxshmi Kanthamma *in the Chair* }

As a result of the present policy we have not been able to produce sufficient food-grains and have to depend on the imports. The present policy of the Government have also resulted in inflation and recession simultaneously. Unless the persent policy is changed drastically we cannot attain self-sufficiency in the foodgrains.

We should not spend huge sums on the import of tractors. We have vast man power and that should be made use of. Instead of spending money in the import of tractors we should spend that money for increasing food production.

The fundamental question facing the country is to give land to the landless labourers. This problem needs immediate attention. Secondly the cultivator should be given the right of ownership of the land tilled by him. If the cultivators are not given this right or are deprived of this right of ownership then its repercussions amongst them are natural and the happenings of the Naxalbari can repeat themselves in other parts of the country also. So I would request the hon. Minister to tackle this problem forth with.

So far as foodgrains are concerned we are deficit only by 7 percent. This deficit can be made good by implying fertiliser and good quality seeds. Proper arrangements should be made for the supply of inputs to the farmers. We should also try to produce fertilizer within the country instead of importing them.

It is a matter of regret that the Government have failed to realize the importance of irrigation. Fertilizer, consolidation of holdings and tractos will all be rendered useless in the absence of water. I would, therefore, request that Government should pay more attention to the irrigation and maximum facilties should be provided to the farmers in this respect. I would also request that the Minister incharge of Irrigation and Power Ministry should be a Minister of the cabinet rank.

The Central Government is not providing aduquate assistance to Bihar because of the establishment of a non-Congress Government in that State. The Central Government is neither taking the Kosi-Gandak Scheme itself nor is providing necessary funds to the Bihar Government for its implementation As a result of this non-cooperation on the port of the Central Government the people of Bihar are angry and are preparing for Bihar 'Bundh' I would request the Government to assess the situation properly and provide adequate to assistance to the State.

The policy of the Government in regard to the resettlement of the landless labourers is not satisfactor, In this connection I would request the hon. Minister to draw a comprehenssive scheme for immediate implementation.

खाद्य, कृषि सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्यमन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : इस वाद-विवाद में हस्तक्षेप करने की अनुमति के लिए मैं सभापति महोदया का धन्यवाद करता हूं ।

वाद-विवाद में भाग लेने वाले लगभग सभी सदस्यों की ओर से कृषि उत्पादन के बारे में चिन्ता व्यक्त की गई है और लाभदायक सुझाव भी दिये गये हैं । यह भी कहा गया है कि खाद्य तथा कृषि समस्याओं को राष्ट्रीय समस्याएं समझा जाना चाहिए अतः इनको दलगत समस्याएं नहीं बनाना चाहिए । मुझे आशा है कि ऐसा ही होगा और इन दोनों समस्यायों को दलगत समस्याओं से उपर रखा जायेगा ।

श्री रणधीर सिंह ने फसल बीमा योजना के बारे में कहा है । इस बारे में मैं सभा को सूचित करना चाहता हूं कि इस मामले में सक्रिय रूप से कार्यवाही की जा रही है । इस सम्बन्ध में विधेयक का प्रारूप तैयार कर राज्यों को भेज दिया गया है । जैसे ही यह वापस प्राप्त होता है इसको सभा में प्रस्तुत कर दिया जायेगा ।

श्री राम किशन द्वारा दिये गये सुझाव की, कि कृषि को उद्योग समझा जाना चाहिये, मैं सराहना करता हूं । सरकार भी इसी आधार पर विचार कर रही है ।

कृषि के विकास में भू-संरक्षण का बहुत महत्व है । तीसरी पंच वर्षीय योजना में केन्द्रीय तथा राज्य सम्बन्धी योजनाओं के अन्तर्गत 170 लाख एकड़ भूमि का संरक्षण किया गया है । 160 लाख एकड़ सूखे फार्मों को भूमि संरक्षण के अन्तर्गत लाया गया है । आगामी वर्षों के लिये हमने इससे भी बड़ी योजना बनाई है ।

श्री चटर्जी ने भी भारतीय कृषि सेवा का उल्लेख किया है। सरकार इस सेवा का महत्व-समझती है। जब तक कृषि सेवाओं को अन्य सेवाओं के स्तर तक नहीं लाया जाता और हमारे प्रशासनिक तंत्र में इसे उचित स्थान नहीं दिया जाता तब तक हमारे राष्ट्रीय जीवन में कृषि को उचित स्थान देना सम्भव नहीं है। इसीलिये भारत सरकार ने एक भारतीय कृषि सेवा बनाने का निर्णय किया है और इस निर्णय को क्रियान्वित करने के लिये सक्रिय रूप से कार्यवाही की जा रही है।

कृषि के लिए पिछले दो वर्ष बहुत कठिन थे। यदि कृषि उत्पादन पर पिछले वर्ष के सूखे का प्रभाव देखा जाये तो बंगाल की दुर्भिक्ष की स्थिति से वह कम भयानक नहीं थी। वर्ष 1940-41 और 1941-42 में 14 लाख टन अनाज कम पैदा हुआ था परन्तु अब यदि हम बिहार में उत्पादन के आंकड़े देखें तो पता चलता है कि वहां उत्पादन 75 लाख टन से घट कर 45 लाख टन हुआ है अर्थात 30 लाख टन की कम पैदावार हुई है। इससे कठिन स्थिति का अनुमान लगाया जा सकता है परन्तु इसके बावजूद हमारी जनता ने बड़े साहस से स्थिति का सामना किया है। सभी राज्यों ने तथा केन्द्र ने पूरी तरह सहायता की है। जहां तक बिहार को सहायता देने का सम्बन्ध है पिछले कुछ महीनों में बिहार को कुल लगभग 67 करोड़ रुपये की धन राशि दी गई है। यह धन राशि अन्य किसी भी राज्य को दी गई सहायता से अधिक है। परन्तु फिर भी सबसे अधिक सहयोग जनता का रहा है। जनता ने जिस साहस और वीरता से इस कठिन स्थिति का सामना किया है, उसकी सराहना करनी चाहिये।

कृषि उत्पादन के लिये सिंचाई, बीज, ऋण, उर्वरक, कृषि उपकरण, पौदों का संरक्षण, अनाज के लिये भण्डार और उत्साहवर्द्धक मूल्य आदि सबका महत्व है। परन्तु सबसे महत्वपूर्ण है किसान। हमारे किसान बुद्धिमान और परिश्रमी ही नहीं बल्कि वे नवीन वैज्ञानिक तरीकों को भी अपना रहे हैं।

मैंने हाल ही में एक पुस्तक पढ़ी है जिसमें लिखा था कि हम ब्रिटेन को संसार के उन्नत देशों में से एक मानते हैं परन्तु वहां अभी तक रासायनिक खाद का उपयोग नहीं किया जाता और बहुत से लोगों को आधुनिक तरीकों का ज्ञान नहीं है।

जहां तक सिंचाई का सम्बन्ध है, तृतीय पंच वर्षीय योजना के दौरान 128 लाख एकड़ भूमि के लिये सिंचाई की व्यवस्था की है। हम छोटी सिंचाई योजनाओं को अधिक से अधिक महत्व दे रहे हैं। यह ठीक है कि कुछ कुएं सूख गये हैं परन्तु यदि पूरी तरह देखा जाये तो यह योजना बड़ी लाभदायक सिद्ध हुई है।

हम रासायनिक खाद का अधिक से अधिक प्रयोग कर रहे हैं। हम इस खाद की उपलब्धता में वृद्धि के लिये भी व्यवस्था कर रहे हैं। हमारा यह प्रयास रहा है कि हम किसानों को खाद, बीज आदि देकर उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति करते रहें।

जहां तक कृषि मूल्यों का सम्बन्ध है, भारत सरकार ने कृषि मूल्य आयोग की नियुक्ति की है। यद्यपि सामान्यतः सरकार इस आयोग की सिफारिशों के अनुसार मूल्य निर्धारित करती

है, परन्तु कई बार कई मामलों में हमने उच्चतर मूल्य निर्धारित किये हैं, जिससे किसानों को उत्साहवर्द्धक मूल्य दिये जा सकें।

श्री क० ना० तिवारी (बेतिया) : इसका अर्थ यह हुआ कि आप यह मानते हैं कि आयोग की सिफारिशें वैज्ञानिक और यथार्थवादी नहीं हैं।

श्री अन्नासाहिब शिन्दे : माननीय सदस्य का यह अपना विचार हो सकता है। मेरा अभिप्राय यह है कि सभा में जो यह भावना व्यक्त की गई है कि किसान को उत्साहवर्द्धक मूल्य दिया जाना चाहिये, सरकार ने इस दिशा में यह कार्यवाही की है।

हमें वास्तव में यह प्रयत्न करना चाहिये कि हम यथाशीघ्र आत्मनिर्भर हो जायें। वर्तमान स्थिति संतोषजनक नहीं है और हमें 12,000 मील से अनाज आयात करना पड़ता है। पश्चिम एशिया के संकट के कारण यह स्थिति और भी विषम हो गई है। यह संकट जितनी जल्दी समाप्त हो जाये, अच्छा होगा। इसी कारण भारत सरकार ने अपने इरादे की घोषणा की हैं कि 1970-71 से कोई आयात नहीं किया जायेगा।

हमारे नवीन दृष्टिकोण में मुख्य बात अधिक उपज के लिए विविध कार्यक्रम बनाना है। हम किसानों में उत्पादन के लिये नवीन सामग्री को लोकप्रिय बनाने का प्रयास कर रहे हैं। कल यह कहा गया था कि हम विदेशों से बीज आयात करने के बारे में क्यों सोचते हैं। मेरे विचार में हमें विज्ञान के बारे में कोई पूर्वधारणा नहीं बनानी चाहिये। जिस किसी क्षेत्र में विज्ञान की प्रगति हुई है, हमें उससे लाभ उठाने का प्रयत्न करना चाहिये। हमें अपने युवक वैज्ञानिकों को उनके सराहनीय कार्य के लिये बधाई देनी चाहिये। उन्होंने कई नई किस्मों का विकास किया है हमारे बहुत से सदस्यों का यह विचार गलत है कि यह संकर किस्मे हैं। गेहूँ तो संकर नहीं है।

इस बार हम 150 लाख एकड़ के क्षेत्र में गेहूँ, धान, मक्का और बाजरा की नई किस्मों की खेती का कार्यक्रम आरम्भ करेंगे। यदि राज्यों को बीज और उर्वरकों की सहायता का आश्वासन मिल जाये तो वे इससे भी बड़े कार्यक्रम बनाने के लिये तैयार हैं। इस नये कार्यक्रम को अपनाने से नई संभावनाएं पैदा हो गई हैं। माननीय सदस्यों को देश में इस प्रकार की जागृति पैदा करनी चाहिये जिससे यह कार्यक्रम और भी अधिक प्रचलित हो सके। इस कार्यक्रम में वैज्ञानिकों ने बहुत योगदान दिया है। मैक्सिकन गेहूँ की बुआई सबसे पहले हमारे देश में आरम्भ हुई है। हमारे वैज्ञानिकों ने गेहूँ की और भी कई किस्में तैयार कर ली है जो उपज बढ़ाने वाली हैं।

भूमि सुधारों के सम्बन्ध में राज्य सरकारों पर दबाव डाला जा रहा है कि वे भूमि सम्बन्धी सुधारों को यथाशीघ्र क्रियान्वित करें। यदि किसी राज्य सरकार को भूमि सम्बन्धी सुधारों को क्रियान्वित करने में केन्द्र सरकार की सहायता की आवश्यकता है तो हम उसे सभी प्रकार की सहायता देने के लिये तैयार हैं। (**व्यवधान**) श्री लोबो प्रभु के इस विचार से मैं सहमत नहीं हूं कि जब कभी नियन्त्रण लगाये जाते हैं, उत्पादन कम हो जाता है। उदाहरणार्थ

वर्ष 1964--65 में जो एक नियन्त्रण का वर्ष था, 890 लाख टन का उत्पादन हुआ है। यदि माननीय सदस्य का दावा सही होता तो उक्त वर्ष में सबसे अधिक उत्पादन कैसे हो सकता था। गत दो वर्षों में निरन्तर सूखा पड़ने के कारण उनके साथ मुकाबला नहीं किया जा सकता। श्री किदवई के मंत्रित्व काल में 1952–53 में नियन्त्रण हटाये गये थे। वर्ष 1952–53 में उत्पादन का सूचक अंक 101 था। फिर वह 119 हो गया। जब कोई नियन्त्रण नहीं था तो वह फिर 115 हो गया। इसका अर्थ यह नहीं कि नियन्त्रण से उत्पादन में कमी हो जाती है। (**व्यवधान**) माननीय सदस्य खुले व्यापार पर बहुत जोर दे रहे हैं। परन्तु देश की जनता की आम राय यह है कि जनसाधारण, गरीब उपभोक्ता और किसान को संरक्षण दिया जाना चाहिये, इसलिये सरकार को उनकी सहायता करनी चाहिए। बंगाल के अकाल के कारणों की जांच करने के लिये जो आयोग नियुक्त किया गया था, उसने यह सुझाव दिया था कि अनाज के व्यापार के मामले में राज्य को बड़ा महत्वपूर्ण कार्य करना चाहिये। इसी प्रकार 1957 की खाद्य जांच समिति ने भी यह सिफारिश की थी कि व्यापार को धीरे-धीरे समाजवाद के अन्तर्गत लाना चाहिये।

{ **उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए**
Mr. Deputy Speaker *in the Chair* }

मैं खाद्य नीति समिति के हाल ही के वे प्रतिवेदन की ओर माननीय सदस्य का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। इस प्रतिवेदन में कहा गया है कि खाद्य नीति के मूलभूत उद्देश्यों की पूर्ति के लिये यह आवश्यक है कि देश में उत्पन्न अनाज का काफी भाग सरकार स्वयं वसूल कर ले। सरकार को इस वसूली के कार्यक्रम के लिये, फालतू तथा कमी वाले राज्यों में अनाज भेजने के लिये कुछ व्यवस्था करनी चाहिये। यह काम भारतीय खाद्य निगम जैसी किसी सरकारी संस्था को सौंपना होगा।

इस प्रकार जनता की राय तथा विशेषज्ञों की राय श्री लोवो प्रभु की राय से भिन्न है। भारत जैसे देश में अनाज में खुले व्यापार की नीति से संकट पैदा हो जायेगा। यदि मूल्यों में कमी हो गई तो किसानों को हानि होगी। जब तक कोई सरकारी संस्था खाद्य व्यापार में हस्तक्षेप नहीं करती। तब तक किसानों के हितों का संरक्षण नहीं हो सकता। (**व्यवधान**) कुछ सदस्यों ने ट्रैक्टरों की आवश्यकता के बारे में अपने विचार व्यक्त किये हैं। हम अपने देश में ही ट्रेक्टरों के निर्माण का कार्यक्रम बनाने पर जोर दे रहे हैं। अब हमारी कुछ गैरसरकारी व्यापारिक संस्थाएं ट्रेक्टर बना रही हैं। वर्ष 1970–71 तक उनकी क्षमता 30,000 ट्रेक्टर प्रतिवर्ष होने की आशा है। पिछले वर्ष उन्होंने 7000 से 8000 तक ट्रेक्टर बनाये थे। इस वर्ष 13000 से 14000 तक ट्रेक्टर बनने की आशा है। इस वर्ष हम संभवतः 10,000 ट्रेक्टरों का आयात भी करेंगे।

श्रीमती लक्ष्मीकान्तम्मा (खम्मम) ; पिछली बार यह बताया गया था कि फालतू पुर्जों की कमी के कारण 20,000 ट्रेक्टर बेकार पड़े हैं, उनका क्या हुआ।

श्री अन्नासाहिब शिन्दे : हमने अब फालतू कल पुर्जों के आयात के लिये पर्याप्त विदेशी मुद्रा उपलब्ध कर दी है। अब उनका आयात किया जा सकता है। यदि इस सम्बन्ध में कोई विशेष कठिनाई हो तो राज्य सरकारें हमें अपने सुझाव भेज सकती हैं।

ट्रैक्टरों के विषय में बात करते हुए मैं यह भी कहना चाहता हूँ कि ऐसे बहुत से छोटे किसान हैं जो एक बैलों की जोड़ी भी नहीं खरीद सकते। क्योंकि बैलों की जोड़ी के लिये भी काफी धन-राशि की आवश्यकता होती है। हमारा विचार यह है कि एक योजना बनाई जाये जिसके अन्तर्गत सम्पूर्ण देश में वर्कशाप स्थापित किये जायें और किसानों को ट्रैक्टर उपलब्ध किये जायें। हम सरकारी क्षेत्र में भी ट्रैक्टर बनाने के बारे में विचार कर रहे हैं।

जहां तक ऋण की व्यवस्था करने का सम्बन्ध है, पिछले वर्ष हमने 414 करोड़ रुपये अल्प अवधि ऋण के रूप में दिये थे। हम उसमें 100 करोड़ रुपये और लगा कर इस कार्यक्रम का विस्तार करना चाहते हैं। इसके अतिरिक्त कृषि पुनर्वित निगम और अन्य अभिकरणों द्वारा दीर्घकालीन और मध्यकालीन ऋणों से इस कार्यक्रम को सम्पन्न किया जायेगा।

मैं यह फिर कहना चाहता हूं कि हम खाद्य के मामले में अपने देश को आत्म-निर्भर बनाने की कोशिश कर रहे हैं और उपयुक्त वैज्ञानिक सामग्री और खाद्य, पानी आदि की उपलब्धि के वास्तविक मूल्यांकन के आधार पर हमने अपने कार्यक्रम बनाये हैं। आशा है कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी सदस्य सहयोग देंगे जिससे हमारा देश आत्म-निर्भर बन जाये।

श्री किरुतिनन (शिवगंज) : मैं एक किसान हूँ और मेरा सम्बन्ध रामानाथपुरम जिले से है, जो समस्त देश में बहुत ही पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। यह आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से पिछड़ा हुआ है परन्तु राजनीतिक दृष्टि से नहीं क्योंकि विधान सभा के 17 और संसद के तीन निर्वाचन क्षेत्रों में से कांग्रेस एक निर्वाचन क्षेत्र में भी सफल नहीं हो सकी।

{ **अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए**
Mr. Speaker *in the Chair* }

इस जिले में किसान बहुत हैं परन्तु केवल आधे क्षेत्र में खेती होती है और उसमें भी एक ही फसल पैदा होती है। वहां सिंचाई को कोई उचित व्यवस्था नहीं है। हजारों छोटे बड़े तालाब वहां पर है परन्तु उनकी उचित मरम्मत आदि कभी नहीं हुई।

हमारे जिले में जन शक्ति का ठीक ढंग से प्रयोग नहीं किया गया। इन्हीं जन साधनों से विदेशों की आर्थिक स्थिति में कितना सुधार हो गया है। इसलिये खाद्य मंत्री को हमारे जिले में कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं क्रियान्वित करनी चाहिये।

हमारे देश में खाद्य स्थिति अब भी गम्भीर है।

श्री नरेन्द्र सिंह महीडा (आनन्द) : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है। तृतीय लोक सभा में अध्यक्ष महोदय ने माननीय सदस्यों से कहा था कि वह अपनी स्थिति को जानने के लिये

अध्यक्ष के पास न आयें। मैं चतुर्थ लोक सभा में आरम्भ से देख रहा हूं कि माननीय सदस्य अपनी स्थिति जानने के लिये बार बार अध्यक्ष के पास जाते हैं। मैं इस पर आपका विनिर्णय चाहता हूं :

अध्यक्ष महोदय : मैंने कई बार कहा है कि यदि माननीय सदस्य बार बार मेरे पास आते हैं तो मैं वक्ता की ओर ध्यान नहीं दे सकता। माननीय सदस्य सचिव के पास कागज आदि छोड़ सकते हैं जो मेरे पास आ जायेंगे। परन्तु जब वे मेरे पास आते हैं तो मैं उनके साथ कठोर बर्ताव नहीं कर सकता। मुझे आशा है कि माननीय सदस्य तथा मंत्रीगण सीधे अध्यक्ष के पास नहीं आयेंगे। मैं आपके कथन से बिल्कुल सहमत हूं।

श्री किरूतिनन : सितम्बर के अन्त में केन्द्र के पास राज्यों को देने के लिये 16 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न होंगे जबकि उनको 28.5 लाख मीट्रिक खाद्यान्न देने हैं। 1966–67 में खाद्यान्न का उत्पादन भी 760 लाख मीट्रिक टन होने का अनुमान है जबकि 1964–65 में 890 लाख मीट्रिक टन और 1965-66 में 723 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्नों का उत्पादन हुआ था। कृषि, सिंचाई और सामुदायिक विकास पर पहली और दूसरी पंचवर्षीय योजना अवधि में 1551 करोड रुपए और तीसरी योजना अवधि में 1718 करोड़ रुपए खर्च किये गये। हमारी आयोजन प्रणाली कितनी त्रुटिपूर्ण रही है, वह इससे प्रतीत होता है कि तीन पंचवर्षीय योजनाओं के बाद हमारी कृषि इस स्थिति में पहुँच गई है कि तीसरी योजना में हमारा वार्षिक औसत उत्पादन दूसरी योजना अवधि से भी कम हुआ।

हमारे देश में एक हैक्टेयर भूमि में लगभग 1500 किलो चावल पैदा होता है जबकि जापान में 4800 किलो और संयुक्त अरब गणराज्य में 5000 किलो चावल पैदा होता है। इसी प्रकार संयुक्त अरब गणराज्य में 2450 किलो और पश्चिम जर्मनी में 3560 किलो गेहूं होता है जबकि हमारे यहां केवल लगभग 780 किलो मैं बताना चाहता हूँ कि हमारा कृषि उत्पादन स्थिर रहने के क्या कारण हैं। पहला और प्रमुख कारण हमारे देश में 80 प्रतिशत किसान अत्यधिक गरीब हैं। ये इसलिए गरीब है क्योंकि इनकी उपेक्षा होती रही है। ब्रिटिश सरकार द्वारा उपेक्षा तो समझ में आती है परन्तु अपनी तथा-कथित लोकतंत्रीय समाजवादी सरकार द्वारा गरीब किसानों की उपेक्षा को देखकर मुझे आश्चर्य होता है। इस तरह देश में उत्पादन कम हुआ है और अनाज की कमी है। कमी को पूरा करने के लिये हमारी सरकार विदेशों से बड़ी मात्रा में खाद्यान्न आयात करती रही है। विदेशी मुद्रा की कठिन स्थिति को देखते हुए अनिश्चित काल के लिये आयात जारी रखना सम्भव नहीं होगा। इसलिये किसानों की आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए। सरकार को किसानों को सस्ते मूल्य पर ट्रेक्टर देने चाहिये। मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या सरकार किसी ऐसी योजना पर विचार कर रही है।

दूसरी बात है कि किसानों को आवश्यकतानुसार पर्याप्त मात्रा में समय पर रासायनिक उर्वरकों की सप्लाई। कृषि में उर्वरक के महत्व को किसान दस वर्ष पहले की अपेक्षा अब अधिक अच्छी तरह समझता है। यह अनुमान है कि 1966-67 में 8 लाख मीट्रिक टन नाइट्रोजन, 3 लाख मीट्रिकल टन फास्फेट और 17.30 लाख मीट्रिक टन पोटाश की खपत

होगी। 1967-68 में इनकी मांग दो गुनी हो जाने की आशा है। मुझे सन्देह है कि सरकार कहां तक इस मांग को पूरा कर सकेगी। लेकिन इसकी समय पर सप्लाई अत्यावश्यक है। सरकार उर्वरकों का मूल्य बढ़ा रही है। मेरा मंत्री महोदय से अनुरोध है कि मूल्य न बढ़ाये। जहां तक तमिलगम का सम्बन्ध है, मैं केन्द्रीय सरकार को बताना चाहता हूं कि नीवेली में उर्वरक का 75 प्रतिशत उत्पादन हमारे राज्य के लिये नियत किया जाना चाहिए। मैं इसका स्पष्ट उत्तर चाहता हूं।

तीसरी और चौथी महत्वपूर्ण बात किसानों को अधिक उपज वाले बीज और ऋण सुविधायें देना है। आपके पास आंकड़े तो बहुत अच्छे होंगे कि इतना रुपया किसानों को ऋण के रूप में बांटा गया। परन्तु वास्तविक स्थिति यह है कि धनी और प्रभावशाली व्यक्ति ऋण लेने में सफल हो जाते हैं जबकि गरीबों को धन नहीं मिल पाता है। ऋण समितियां चुनाव कार्यों के हेतु कांग्रेस प्रमुखों के लिये धन जुटाने का साधन बन गई हैं : ऋण समितियों से धन का गबन बढ़ रहा है। जहां तक सहकारी समितियों का सम्बन्ध है, कानून ने दोषों को दूर करना चाहिए और गरीब किसानों को बिना किसी कठिनाई के ऋण देने के लिये आवश्यक कार्यवाही की जानी चाहिए। अल्प-कालिक ऋण देने से कोई लाभ नहीं है। केन्द्रीय सरकार को रिजर्व बैंक तथा अन्य वाणिज्यिक बैंकों से किसानों को दीर्घकालिक ऋण देने के लिये कहने में संकोच नहीं करना चाहिए। ऋण दिए जाने के लिए केन्द्रीय सरकार को अधिक धन नियत करना चाहिए : गांवों में कुछ उद्योग भी स्थापित किये जाने चाहिये ताकि वे कुछ अतिरिक्त धन का अर्जन कर सकें।

इन सबके अतिरिक्त कृषि उत्पादन के लिये सिंचाई अत्यावश्यक है। बिना पानी के ट्रैक्टर, रासायनिक उर्वरक, बढ़िया बीज, ऋण सुविधायें आदि सब बेकार हैं। उड़ीसा के राज्यपाल डा० खोसला ने भी खेद व्यक्त किया है कि यद्यपि कृषि और खाद्य उत्पादन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है, सिंचाई की उपेक्षा की गई है। केन्द्रीय सरकार के शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री भागवत झा आजाद ने भी हाल में कहा है कि यदि पर्याप्त सिंचाई सुविधायें प्रदान की जातीं, तो देश खाद्यान्न में आत्म-निर्भर हो जाता। सिंचाई के लिये नियत राशि अपर्याप्त है और मंत्री महोदय को इस विषय पर सावधानी से विचार करना चाहिए।

सामुदायिक विकास कार्यक्रम का मूल उद्देश्य हमारे गांवों की समस्यायें हल करने के लिये सामूहिक रूप से हिस्सा बटाना था। इससे कितने लोगों ने लाभ उठाया है ? हमारे गांवों में संचार सुविधाओं और संस्थागत विकास में कितनी प्रगति हुई है ? इस कार्यक्रम से किन लोगों को लाभ पहुंचा है ? क्या साधारण ग्रामीण की राजनैतिक जागरुकता में पंचायती राज ने जड़ें जमा ली हैं ? खाद्य संकट को ध्यान में रखते हुए क्या खाद्यान उत्पादन को बढ़ाने में सामुदायिक विकास कार्यक्रम किसी भी रूप में सहायक हुआ है ? मंत्री महोदय को इन सब प्रश्नों का उत्तर देना चाहिए।

खाद्यान्न के राज्य व्यापार के बारे में, मैं इसका समर्थन करता हूं परन्तु कांग्रेस सरकार के आधीन नहीं। राज्य व्यापार में 1962-63 में 32.57 करोड़ रुपये और 1963-64 में 33.8 करोड़ रुपये का घाटा हुआ। मंत्री महोदय ने इसके तीन कारण बताये हैं, खाद्यान्न के

लिये राज सहायता, लाने-लेजाने में तथा गोदाम में नुकसान और चोरी से कारण हानि। लोकलेखा समिति के प्रतिवेदन के अनुसार लाने-ले जाने, गोदामों में तथा चोरी से 1962-63 में 42,649 मीट्रिक टन और 1963-64 29,439 मीट्रिक टन खाद्यान्न का नुकसान हुआ। इस समिति के प्रतिवेदन के अनुसार अक्तूबर, 1965 तक ही केवल लाने-ले जाने में 22.54 लाख रुपये के मूल्य के खाद्यान्न का नुकसान हुआ इस प्रकार के नुकसान को रोकना चाहिए।

मुझे मालूम हुआ है कि भारतीय खाद्य निगम को मद्रास से हटाकर दिल्ली अथवा उत्तर भारत के किसी अन्य नगर में लाया जा रहा है। इस प्रस्ताव को रद्द कर देना चाहिये। इसके विपरीत सरकार को दिल्ली से कुछ अन्य मुख्यालयों को मद्रास ले जाने की बात सोचनी चाहिये। तमिलनाड के लोगों का दिल जीतने का प्रयास करना चाहिये।

Shrimati Laxmi Bai (Medak) : Mr. Speaker, Sir, inspite of improved irrigation and other facilities the food problem is becoming more and more serious. The other countries are not only self-sufficient in their food requirements but they also offer their surplus quantities to others. The populations in other countries is decreasing whereas our population is increasing constantly. Then we are faced with the problem of Indian repatriates from Burma, Singapore and other parts of the world. This increase in population is also effecting the land. 12 per cent land has been shifted to non-agricultural purposes. In our province the land is rocky. In some places even drinking water is not available. Now arrangements are being made to provide drinking water everywhere. Look at the figures, which were given to us about the land being brought under irrigation. Out of a total allocation of Rs. 850 crores, Rs. 200 crores are spent on administration, Rs. 550 crores on fertilisers Rs. 150 crores on subsidy. This is your planning. The allocations are not being spent properly. You have got officers with fat salaries who decide matters on files while sitting in office rooms and do not go to the fields to educate the people in actual work. Every agriculturist should be made fully responsible for each 25,000 acres of land. I will request that even Minister should go and live for a week in any village of each State so that he may acquaint himself with the difficulties of the farmers.

Subsidy is given for construction of houses and fair price shops are opened but all in cities. In villages also fair price shops should be provided. You grant subsidy on food but you have withdrawn subsidy on fertlisers. You should look into it. Besides all these facilities, cities have ration and others facilities. This is resulting in exodus of people from villages to-wards cities. In the matter of subsidy rural and urban areas should be treated on par.

How good we, the people of Andhra Pradesh are, The Chief Minister of Andhra has given an assurance to you to supply 6 lakh tonnes of paddy and in fact 4 lakh tonnes of paddy has already been supplied to Madras, Mysore, Kerala, Bihar, Madhya Pradesh, Gujrat etc. The three areas, viz. Krishna-Godavari area. Telangana and Rayalseema, are very poor. We have spent Rs. 60 crores on Nagarjunasagar dam. We require Rs. 25 crores only not as charity but as loan and undertake to supply rice to all the people. Orders are given for supply of goodgrains but later on the payment of the price is avoided.

Here the rice is supplied a Rs. 0.99 per kg. but we get it a Rs. 1.5 as our Chief Minister undertook to supply rice but in return please given some thing, wheat, jowar. After all we are also giving 1 lakh 50 thousand tornes. We produce sugar but it has reduced to half, We must get our share. You have laid emphasis on food leaving aside agriculture.

Mr. Speaker The hon. Member may continue her speech tomarrow. We will now take up Half-An-Hour Discussion.

विदेशी तेल कम्पनियों में छंटनी*

Retrechment in Foreign Oil Companies**

श्री उमानाथ (पुदुक्कोटै) : अध्यक्ष महोदय विदेशी तेल कम्पनियों में 1960 से निरंतर छंटनी हो रही है। जबसे दामले समिति ने इन तेल कम्पनियों की लूट पर मामूली सी रोक लगाई, तबसे उन्होंने अपने प्रति लाभ को बनाये रखने के लिये यह तरीका अपनाया है। सरकार इसे रोकने में एकदम असफल रही है। सरकार ने अब तक जांच आयोग नियुक्त किया है। मेरे विचार में इस आयोग की नियुक्ति से इस विवाद को हल करने में सहायता नहीं मिली है। इस प्रश्न की दो महत्वपूर्ण बातें हैं। एक तो यह है कि क्या इन कम्पनियों की व्यापारिक और वित्तीय स्थिति को देखते हुए इनमें छंटनी करना उचित है, यदि नहीं, तो इनमें कर्मचारियों को सेवा की सुरक्षा किस प्रकार प्रदान की जाये। दूसरी बात यह है कि मुख्य विवाद के हल होने तक छंटनी को किस प्रकार रोका जाये। इन विदेशी तेल कम्पनियों ने विवाद हल होने तक यथास्थिति बनाये रखने के अपने आश्वासनों का उल्लंघन किया है और सरकार इसमें अपनी असमर्थता प्रकट करती रही है। 1965 में श्री संजी बच्चा ने इस सभा को आश्वासन दिया था कि यथास्थिति बनाये रखी जायगी लेकिन फिर भी छंटनी होती रही। 17 अक्तूबर को पश्चिम बंगाल के श्रम आयुक्त ने समझौते के लिये बैठक बुलाई तो तारीख बढ़ाकर 20 अक्तूबर कराली और कलकत्ता कालटैक्स ने अपने आश्वासन का उल्लघन करके सभी कर्मचारियों को फालतू घोषित कर दिया। श्रम आयुक्त ने जब हाल में 28 अप्रैल को त्रिपक्षीय बैठक बुलाई थी, तो श्रम मंत्रालय के उपनिदेशक तीन कम्पनियों को लिखा कि त्रिपक्षीय बैठक होने तक स्थिति यथापूर्वक रखी जाये। उसका भी उल्लंघन किया गया और छंटनी की गई। इस महीने की 5 तारीख को मेरे प्रश्न के उत्तर में श्री हाथी ने बताया था कि इन कम्पनियों में यथापूर्व स्थिति बनाये रखने के उनके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। न ही यह जांच आयोग प्रबन्धकों को यथापूर्व स्थिति बनाये रखने के लिये बाध्य कर सकता है क्योंकि इसके पास ऐसा आदेश देने के लिये कोई शक्ति अथवा अधिकार नहीं है। परिणाम यह हुआ है कि इस बीच में तेल कम्पनियां अपनी छंटनी योजनाओं को पूर्ण रूप से क्रियान्वित कर लेंगी। मैं जानता हूं कि श्री हाथी कहेंगे कि यदि कर्मचारी एक राष्ट्रीय न्यायाधिकरण स्वीकार कर लेते, तो उन्हें निर्णय होने तक कानूनी संरक्षण मिल जाता परन्तु उस स्थिति में पंचाट-निर्णय में छंटनी हो जायगी क्योंकि एक औद्योगिक न्यायाधिकरण सेवा सुरक्षा और कमप्यूटरों के प्रयोग के व्यापक पहलुओं पर विचार नहीं कर सकता इस कारण से कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों ने जांच आयोग स्वीकार किया। सरकार ने अपने पहले वचन का इसलिये पालन करने से इन्कार कर दिया था कि इसके लिये राज्य सरकारों की सहमति लेनी पड़ेगी। जांच-न्यायालय की नियुक्ति के लिये राज्य सरकारों की सहमति प्राप्त करने में क्या कठिनाई है ? गैर कांग्रेसी सरकारें सहमति दे देतीं। मैं माननीय मंत्री से जानना चाहता हूं कि कौनसी कांग्रेसी सरकारों ने इस प्रश्न पर सहमति देने से इन्कार कर दिया था। सरकार बतायें कि इन

*आधे घण्टे की चर्चा।

**Half an Hour Discussion.

परिस्थियों में सरकार का विचार इन कम्पनियों को किस प्रकार बाध्य करने का है कि वे इस बीच छंटनी की योजनाओं की क्रियान्विति को रोक दें और कालटैक्स के कलकत्ता कार्यालय को फिर खोलें अन्यथा वे मान लें कि भारतीय संविधान भारतीय संसद और भारतीय श्रम कानून भारतीय श्रमिकों को विदेशी तेल कम्पनियों के हमले से नहीं बचा सकते ।

दूसरी बात, जो वास्तव में मुख्य प्रश्न है, यह है कि आयोग को कहना चाहिये कि वह बताये कि क्या इन तेल कम्पनियों की व्यापारिक तथा वित्तीय स्थिति को देखते हुए कर्मचारियों को फालतू घोषित करना उचित है और यदि नहीं, तो अनुचित रूप से छंटनी किये गये कर्मचारियों को किस प्रकार रोजगार दिया जाये और भविष्य में किस प्रकार सेवा की सुरक्षा प्रदान की जाये । पहली त्रिपक्षीय बैठक ने अपने प्रतिवेदन में मुख्य प्रश्न के बारे में कहा है कि बर्मा शैल आयल कम्पनी के प्रतिनिधियों ने विशेष रूप से मत व्यक्त किया था कि तेल कम्पनियों की परस्पर प्रतिस्पर्धा, कम लाभ, कम हो रही बिक्री और अन्धकारमय व्यापारिक भविष्य के कारण कम्पनी को फालतू कर्मचारियों की छंटनी करने की समस्या का सामना करना पड़ा । अन्य प्रतिनिधियों ने इन विचारों का समर्थन किया, उस समय के पेट्रोलियम और रसायन मंत्री श्री हुमायू कबिर ने तथापि तेल कम्पनियों ने इस निराशाजनक दृष्टिकोण का खण्डन किया है और कहा है कि उनका भविष्य उज्जवल है । प्रतिवेदन में कहा गया है कि यह सहमति हुई कि सेवा सुरक्षा सम्बन्धी पूर्ण समस्या पर विचार करने के लिये एक त्रिपक्षीय समिति नियुक्त की जाय । वास्तव में सारी समस्या ही यही है । समिति के प्रतिवेदन के पैराग्राफ संख्या 7.12 में कहा गया है कि समिति संतुष्ट है कि इन कम्पनियों की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ होने के बारे में कोई सन्देह नहीं है और वे निश्चित रूप ऐसी कठिन परिस्थिति में नहीं हैं कि उनके कर्मचारियों की छंटनी की जाये अथवा उनकी सेवा-सुरक्षा को भंग कर दिया जाये । इस सम्बन्ध में कम्पनियों का यह कहना गलत है कि सरकारी क्षेत्र में स्थापित की गई इण्डियन आयल कम्पनी के इस क्षेत्र में आ जाने से उनके लाभ पर प्रभाव पड़ा है क्योंकि उसके 14 अप्रैल, 1967 के समाचार पत्र (न्यूज लेटर) में इसके विपरीत बात कही गई है कि 1967 में विक्रय तथा तेल-शोधन में सुधार होने की आशा है तथा आगामी वर्षों में लाभ भी बढ़ने की संभावना है । आयोग के विचारार्थ विषयों से पता चलता है कि उससे यह मान लेने को कहा गया है कि कर्मचारी फालतू हैं और कम्पनियों के रजिस्टरों से यह पता लगाने के लिये कहा गया है कि कितने कर्मचारी फालतू हैं और फिर उन्हें निकालने का तरीका निर्धारित करे । आयोग के विचारार्थ विषय देश के हितों को नहीं, भारतीय कर्मचारियों के हितों को नहीं, अपितु विदेशी तेल कम्पनियों के हितों को ध्यान में रखकर तय किये गये हैं । कर्मचारियों द्वारा रखे गये प्रस्तावित विचारार्थ यह विषय थे, आधुनिकीकरण, पुनर्गठन, मशीनीकरण, स्वचालन आदि के क्या उपाय हैं । किस प्रकार विभिन्न उपाय किये गये ? उनकी क्या आवश्यकता थी और वे कहां तक उचित हैं ? बेरोजगार हुए अथवा होने वाले कर्मचारियों को किस प्रकार काम मिल जाने चाहिये ? लेकिन इन सब बातों को छोड़ दिया गया है । सरकार को सभा में बताना चाहिये कि छंटनी और स्वेच्छा से समय से पहले सेवा-निवृति की सभी योजनाओं का क्रियान्वित रोकने के लिये सरकार का विचार क्या कार्यवाही करने का है । कलकत्ता कालटैक्स कार्यालय को पुनः खोला जाये अन्यथा सभी 95 कर्मचारियों को भारतीय तेल निगम में स्थायी पदों पर पुराने वेतन पर नियुक्ति की जाये, तीसरे आयोग

को साक्ष्य लेने, दस्तावेज पेश किये जाने की मांग करने तथा अन्तरिम आदेश देने के अधिकार दिये जाने चाहिये। अन्यथा कर्मचारियों द्वारा इस आयोग से सम्बन्ध तोड़ दिये जाने की आशंका है। अन्त में मैं यह बताना चाहता हूं कि इसका स्थायी हल समूचे तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण है।

श्री दी० चं० शर्मा (गुरदासपुर) : सरकार द्वारा तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण किये जाने में क्या रुकावट है ताकि किसी भी तेल कम्पनी में छंटनी का प्रश्न ही न उठे ? पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक विदेशी तेल कम्पनी ने अपने लाभ का कितना रुपया विदेशों को भेजा और क्या इससे इन कर्मचारियों की छंटनी का आधार ही नहीं रह जाता ?

Shri Kanwar Lal Gupta (Delhi-Sadar) : Mr. Speaker, Sir, 9,000 employees out of a total of 25,000 have been retrenched by these foreign oil companies on the pretext of automation and rationalisation. This process still continues. The employees are mentally tortured and the companies make the retrenchment appear as "voluntary". What steps Government propose to take to make the companies accept the recommendations of the commission set up by Government ? I demand that the commission should be replaced by a court of Enquiry so that employees may get enhanced dearness allowance and increments, which have not been granted since 1963. Why the retrenched employees are not being absorbed in I. O. C. on preferential basis ?

श्री ही० ना० मुकर्जी (कलकत्ता उत्तर-पूर्व) : क्या सरकार का विचार धनी विदेशी तेल उद्योगपतियों के रवैये के आगे झुक जाने का है, जिन्होंने उच्च अधिकारियों और लन्दन कार्यालय पर अपने व्यय को कम करने के बारे में दामले समिति और ताल्लुकेदार समिति की शिफारिशों की अवहेलना की है ? क्या सरकार कालटैक्स के कलकत्ता कार्यालय के 95 कर्मचारियों को, जिन्हें गत वर्ष पूजा की छुट्टियों में बड़े नृशंस तरीके से निकाल दिया गया था और जो पिछले 9 महीनों से हड़ताल पर हैं, भारतीय तेल निगम में रोजगार नहीं दिया जा सकता।

श्री काशी नाथ पाण्डे (पदरौना) : मंत्रालय के सामने क्या कठिनाई थी कि इस मामले को एक न्यायाधिकरण को सौंपने की अपेक्षा एक आयोग को सौंपना अच्छा समझा गया ?

Shri George Fernandes (Bombay-South) : Mr. Speaker, Sir, these oil companies besides introducing automation to reduce their number of employees, also resort to other tactics, two of which are contract labour and casual labour even for the regular jobs. Will the Gokhale Commission look into this aspect also to bring the casual and contract labour on the muster roll of the companies or are they going to take some other measures for this purpose ?

श्री वासुदेवन नायर (परिमाडे) : ऐसा दिखाई देता है कि समितियों और आयोगों की सरकार बन गई है। प्रबन्धकों ने मेहता समिति और विपक्षीय समिति की सिफारिशों को नहीं माना, तो क्या सरकार कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिये आयोग के प्रस्तावों को कानूनी मान्यता देगी ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी): अध्यक्ष महोदय, मुझे श्री उमानाथ के दोषारोपण से आश्चर्य हुआ कि जांच न्यायालय की अपेक्षा जांच आयोग नियुक्त करने में श्रम मंत्रालय का इरादा विदेशी तेल कम्पनियों की सहायता करने का था। कर्मचारियों के प्रतिनिधियों से और कुछ संसद सदस्यों से मेरी 6 से भी अधिक मुलाकातें हुईं और मैंने उन्हें सहमत कराने का प्रयत्न किया कि जांच न्यायालय अथवा आयोग नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय न्यायाधिकरण स्थापित किया जाये। श्री काशीनाथ पाण्डे ने अभी पूछा कि इसमें क्या कठिनाई थी, मेरा इरादा कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के विचारों को स्थान देने का था, उन्होंने इसका विरोध किया। कर्मचारी नहीं चाहते थे कि इस मामले को न्यायधिकरण को सौंपा जाये। इसलिये ऐसा नहीं किया गया।

मुझे बताया गया है कि वास्तव में यह स्वैच्छिक छंटनी योजना नहीं है। श्री उमानाथ ने कहा जांच आयोग की नियुक्ति का गैर कांग्रेसी राज्य सरकारों ने स्वागत किया होता परन्तु अब वह शायद यह सुझाव देना चाहते हैं कि कांग्रेस सरकार विदेशी तेल कम्पनियों का समर्थन करे। इस प्रकार उनकी बात गलत धारणा पर आधारित है। यदि जांच आयोग की नियुक्ति होनी है तो वहां सम्बन्धित स्थान की राज्य सरकार को नियुक्त करना होगा। यदि यह मामला कलकत्ता में कालटैक्स कम्पनी का है तो पश्चिमी बंगाल सरकार को इस बारे में कार्यवाही करनी होगी।

श्री उमानाथ : परन्तु यह तो समूचे भारत की बात है :

श्री हाथी : हमें पहले औद्योगिक विवाद अधिनियम के सभी उपबन्धों का अध्ययन करना चाहिये। यदि यह मामला राष्ट्रीय मामला है तो एक राष्ट्रीय न्यायाधिकरण की नियुक्ति की जा सकती है परन्तु इस विषय में ऐसी कोई बात नहीं है। एक जांच अदालत की नियुक्ति तो राज्य सरकार की सलाह से ही की जा सकती है। श्री मुकर्जी ने कालटैक्स के कर्मचारियों की बात उठायी है, परन्तु इस विषय में पश्चिमी बंगाल सरकार को कार्यवाही करनी चाहिये। यह विषय राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आता है। इस बारे में हम राज्य सरकार को सलाह दे सकते हैं और हमने ऐसा किया भी है।

हमने कर्मचारियों की मांग को ध्यान में रखते हुए एक समिति नियुक्त की है। त्रिपक्षीय सम्मेलन में हमने यह बात रखी थी कि सभी लोगों को स्वैच्छिक छंटनी के लिये अवसर दिया जाना चाहिये। इस मांग को स्वीकार कर लिया गया था। इसके साथ यह शर्त भी उन्होंने रखी थी कि कम्पनियों को कर्मचारियों को एक स्थान से अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की छूट होनी चाहिए। परन्तु कर्मचारी इसके लिए तैयार न थे। उन्हें डर था कि इससे उनको बिना किसी कारण तंग किया जाएगा। इसके बाद एक आयोग नियुक्त किए जाने की बात हमारे सामने आयी। एक आयोग के बहुत विस्तृत अधिकार होते हैं। उसको एक न्यायालय के अधिकार मिले हुए होंगे। हमने स्वयं आयोग को बहुत अधिकार दिए हैं। इस सदन द्वारा बनाए गए कानून के अनुसार यह अधिकार दिए गए हैं। यह आयोग लोगों को फालतू घोषित किए जाने के मामले की छानबीन करेगा। यह आयोग कम्पनियों की भर्ती की नीति के औचित्य पर भी विचार करेगा।

श्री कंवरलाल गुप्त : आप विवश मालूम होते हैं ।

श्री हाथी : न्यायाधिकरण के अन्तर्गत कार्यवाही होगी । काल्टैक्स के बारे में पश्चिमी बंगाल सरकार उचित कार्यवाही करेगी ।

श्री उमानाथ : जब एक कम्पनी राज्य सरकार या आपके आदेश के अनुसार कार्य नहीं करती तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जानी चाहिए ।

श्री हाथी : कानून तो संसद बना सकती है । वर्तमात कानून के अनुसार छंटनी होने पर मुआवजा मिलना चाहिए । हम कम्पनी को बाध्य करेंगे कि मुआवजा दे ।

श्री हो० ना० मुकर्जी : क्या 96 व्यक्तियों को इण्डियन आयल कारपोरेशन में काम पर लगा लिया जाएगा ।

श्री हाथी : मैं इसकी उस कम्पनी से सिफारिश कर सकता हूं ।

श्री अध्यक्ष महोदय : सभा अब कल ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित होती है ।

इसके पश्चात् लोक सभा गुरुवार, 13 जुलाई 1967 आषाढ़ 22, 1889 (शक) के ग्यारह बजे तक के लिये स्थगित हुई ।

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the clock on Thursday July, 13, 1967 Asadha 22, 1889 (Saka).